e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 346

गुरुवार

21.12.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सफलता और असफलता तो शब्द केवल हैं, असली मजा तो काम में होता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### राजनीति में कंगना की एंट्री कंफर्म, बीजेपी से चुनाव लड़ेंगी

**मुंबई :** फिल्मों में अपने धाकड़ अंदाज और दमदार एक्टिंग से तहलका मचाने वाली कंगना रनौत अब राजनीति के मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं. कंगना को लेकर लंबे समय से ऐसी चर्चा हो रही थी कि वो लोकसभा चुनाव लड़ेंगी. अब इन खबरों को एक्ट्रेस के पिता अमरदीप रनौत ने कंफर्म कर दिया है. यानी अब ग्लैमर वर्ल्ड की क्वीन पॉलिटिक्स में भी ढंका बजाती दिखने वाली हैं. जानकारी के मुताबिक, कंगना रनौत के पिता अमरदीप रनौत ने ये साफ कर दिया है कि एक्ट्रेस चुनाव तो लड़ेंगी, लेकिन सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही वो चुनावी मैदान में उतरेंगी. हालांकि, वो कहां से चुनाव लड़ेंगी इस बात को पार्टी ही तय करेगी.

### लोकसभा से पास हुए आपराधिक कानून से जुड़े तीन बिल

**नई दिल्ली :** आपराधिक कानूनों से जुड़े तीन बिल लोकसभा से पास हो गए हैं. इससे पहले बुधवार को इन बिलों पर चर्चा हुई. नए कानून में आतंकवाद, महिला विरोधी अपराध, देश द्रोह और मॉब लिंचिंग से संबधित नए प्रावधान पेश किए गए. भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 बिल पेश करते हुए अमित शाह ने कहा कि इन बिलों के पेश करने का उद्देश्य कानून व्यवस्था को बेहतर बनाना है.

### गोड्डा में प्रखंड प्रमुख के पिता पर गोलीबारी

**गोड्डा :** जिले के बोआरीजोर प्रखंड प्रमुख जंसिता हेंब्रम के पिता बिरधन हेंब्रम पर अज्ञात अपराधियों ने घात लगाकर गोलीबारी की, जिसमें वे बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, वह अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर ललमटिया की ओर जा रहे थे। इसी बीच पूर्व से घात लगाए दो अज्ञात अपराधियों ने उन पर गोलीबारी कर दी। पहली गोली उनके पीठ पर लगी जो उनके जैकेट से होकर निकल गई। दूसरी गोली उनके सिर के पास लगी, जिसमें वे जख्मी हो कर गिर गए। घायल अवस्था में घर जाने के बाद इलाज के लिए जिला मुख्यालय गए, जहां वारदात का खुलासा हुआ। ललमटिया पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया एवं घायल बिरधन हेंब्रम से पूछताछ कर मामला दर्ज कर लिया है। ललमटिया थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दास ने बताया कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

### डीजीपी से मिले ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर

**रांची :** झारखंड पुलिस मुख्यालय में ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर, कोलकाता डॉ एन्ड्रयु फ्लेमिंग और ब्रिटिश हाई कमीशन के अरुणाभ भट्टाचार्य ने डीजीपी अजय कुमार सिंह से बुधवार को मुलाकात की। यह शिष्टाचार मुलाकात थी। मुलाकात के दौरान डीजीपी ने ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर, कोलकत्ता, डॉ एन्ड्रयु फ्लेमिंग का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। साथ ही इस पल को यादगार बनाने के लिए स्मृति चिह्न भेंट किया। आईजी मनोज कौशिक ने ब्रिटिश हाई कमीशन के अरुणाभ भट्टाचार्य का स्वागत पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न देकर किया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

विधानसभा से पारित हुआ 1932 आधारित स्थानीय नीति

# राज्यपाल जल्द लें निर्णय : मुख्यमंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक बिना किसी संशोधन के बहुमत के साथ पारित हो गया। सदन की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिना संशोधन के बिल पारित करने का प्रस्ताव रखा। जिसे पारित कर दिया गया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 11 नवंबर, 2022 को विधानसभा के विशेष सत्र में पारित 'झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक 2022 को सदन में रखा। यह 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति है। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों ने इस विधेयक को पिछली बार समर्थन दिया था। इनके लोग कोर्ट भी गये। उन्होंने कहा कि राज्यपाल और अटॉर्नी जनरल ने जो तर्क दिये हैं, उससे इस नीति का कोई लेना देना नहीं है। जिस पुराने केस का उल्लेख किया गया है, उससे भी इस नीति और विधयेक का कोई लेना देना नहीं है। एडवोकेट जनरल से राय लेकर इस विधेयक को बनाया गया है। इसलिए इसमें संशोधन की जरूरत नहीं है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पार्टी के प्रमुख ने राज्य की लड़ाई लड़ी थी, सब जानते हैं। राज्य खनिज संपदा से भरा राज्य है।

यहां खनन की अहम भूमिका रही है। पहले नौकरी व मुआवजा मिलते थे अब ऐसा नहीं होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकार तो है नहीं, संविधान में नियम बनाने की शक्ति विधानमंडल को है। इसलिए हमने ये बिल लाया था। राज्यपाल को कानून बनाने का अधिकार संविधान नहीं देता। सीएम ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य स्थानीय को परिभाषित करने का है। हमने आरक्षण बढ़ाने के संबंध में भी बिल पास करवाकर राजभवन भेजा है। आज फिर मांग करता हूं कि आरक्षण बिल को लेकर भी राज्यपाल जल्द निर्णय लें। हमने स्थानीय नीति वाले विधेयक को 9वीं अनुसूची में शामिल करने का भी आग्रह किया है। इस बिल को लेकर अटॉर्नी जनरल की आपत्ति तर्कसंगत नहीं है। इसलिए इस बिल को बिना संशोधन के पारित किया जाए।

### युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहती सरकार : अमर बावरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी ने कहा कि राज्यपाल ने अटॉर्नी जनरल के सुझाव पर बिल को वापस किया। इस बिल का मूल आधार 1932 का खतियान है। थर्ड-फोर्थ ग्रेड की नौकरी में आरक्षण का मामला है। सरकार की मंशा ठीक नजर नहीं आ रही है। अमर बावरी ने कहा कि राज्यपाल ने जो सुझाव दिये हैं, उस पर अमल करें, नहीं तो फिर से यह विधेयक कानूनी पेंच में फंस जायेगा। उन्होंने कहा कि नियोजन पूरी तरह से राज्य का विषय है, इसे केंद्र पर थोपा ना जाये। इस विधेयक को आप फिर कानूनी पेंच में फंसा कर युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहते हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर की उच्च स्तरीय बैठक

# कोरोना से अलर्ट रहने की जरुरत : मंडाविया

*** पिछले दो सप्ताह में कोरोना से 16 लोगों की गई जान**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कोरोना के बढ़ते केसों और सांस लेने संबंधी बीमार लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्यों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों,अधिकारी समेत कई लोग शामिल हुए।

इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं और तैयारियों के साथ ही संक्रमण की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। कोविड-19 पर समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, यह एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का समय है। हमें अलर्ट रहने की जरूरत है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की तैयारी, निगरानी बढ़ाने और लोगों के साथ प्रभावी संचार के मॉक ड्रिल के साथ तैयार रहना महत्वपूर्ण है। हर तीन महीने में एक बार सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल की जानी चाहिए। बता दें कि केरल में पिछले 24 घंटे में कोविड से तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। अब तक पिछले दो सप्ताह में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 16 पर पहुंच गया है।

### उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह

मंडाविया ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से सर्दियों के मौसम और आगामी त्योहारों के दौरान ठंड की स्थिति को देखते हुए निवारक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों,अधिकारी समेत कई लोग शामिल हुए। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं और तैयारियों के साथ ही संक्रमण की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में आईसीएमआर के निदेशक डॉ. राजीव बहल, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल और आईसीएमआर की पूर्व महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने भी इस बैठक में भाग लिया।



कोविड-19 पर समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, यह एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का समय है। हमें अलर्ट रहने की जरूरत है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की तैयारी, निगरानी बढ़ाने और लोगों के साथ प्रभावी संचार के मॉक ड्रिल के साथ तैयार रहना महत्वपूर्ण है। हर तीन महीने में एक बार सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल की जानी चाहिए।

### राज्यों को केंद्र की पूरी सहायता का आश्वासन

स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों से अस्पतालों में तैयारियों को लेकर हर तीन माह में एक बार मॉक ड्रिल करने के निर्देश भी दिए हैं. उन्होंने निगरानी बढ़ाने और लोगों से प्रभावी संवाद के साथ तैयार रहने पर भी बल दिया है. उन्होंने मंत्रियों को आश्वस्त करते हुए यह भी कहा कि मैं राज्यों को केंद्र की पूरी सहायता का आश्वासन देता हूं.

### देश के तीन राज्यों में फैला कोरोना का सब वैरिएंट जेएन.1

कोविड-19 के सब-वेरिएंट जेएन.1 के अब तक 21 मामले सामने आ चुके हैं. गोवा, केरल और महाराष्ट्र में नए कोरोना वायरस वैरिएंट के मामले सामने आए हैं. जबकि गोवा में अब तक इस सब वैरिएंट के अकेले 19 मामले सामने आ चुके हैं. केरल और महाराष्ट्र में एक-एक मामले का पता चला है.कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट का ही सब वैरिएंट जेएन.1 पिछले कुछ हफ्तों में सबसे तेजी से फैलने वाले वायरस में से एक बन गया है. देश भर में कोविड के बढ़ रहे मामलों के बीच,नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ वीके पॉल ने बुधवार को कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है. पॉल ने कहा कि भारत में वैज्ञानिक नए वैरिएंट पर कड़ी नजर रख रहे हैं. हालाँकि, वीके पॉल ने राज्यों को कोविड की तैयारी बढ़ाने,परीक्षण बढ़ाने और अपनी निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया.

## नक्सलियों के पोस्टर से पटा मनोहरपुर, दहशत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** भाकपा माओवादियों ने सारंडा के छोटानागरा थाना अन्तर्गत तितलीघाट चौक एवं मनोहरपुर के मीना बाजार क्षेत्र में पोस्टर साटा. पोस्टर साटे जाने की सूचना मिलते ही छोटानागरा पुलिस घटनास्थल से सारे पोस्टर उखाड़ कर ले गई. पोस्टर साटे जाने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है. बताया जा रहा है कि पोस्टर में झारखंड व कोल्हान मुक्त के नाम पर आदिवासियों व जनता पर पुलिस दमन अभियान के खिलाफ 16 से 21 दिसंबर तक प्राचार आंदोलन को सफल बनाने की अपील की गई है.

सरकार व पुलिस के खिलाफ अन्य बातें लिखी गई हैं. ग्रामीणों ने बताया कि सुबह जब निकले तो तितलीघाट चौक क्षेत्र में पोस्टर साटा देखा. हालांकि पोस्टर में क्या लिखा था उसे डरकर पढ़ने नहीं गये. कुछ देर के बाद पुलिस आकर पोस्टर उखाड़ कर ले गई. मनोहरपुर पुलिस भी मौके पर पहुंचकर हाथी फॉरेस्ट नाका, कोयना फॉरेस्ट नाका चौक, संत अगस्तिन कॉलेज मोड़, उंधन, नंदपुर,आदि विभिन्न मार्ग पर लगे नक्सली पोस्टर को हटा दिया है. पोस्टर में नक्सलियों के विरूद्ध लगातार पुलिसिया अभियान को बंद करने एवं सामंतवादी, भाजपा वादी नीति का विरोध जताया है. इसी के विरुद्ध में भाकपा माओवादी संगठन द्वारा 22 दिसंबर को भारत बंद का आह्वान किया गया है.


## हर साल जेटेट परीक्षा आयोजित करे सरकार : हाई कोर्ट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने सहायक आचार्य की होने वाली नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि यदि इन अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो जाती है तो उन्हें तीन साल में प्रथम प्रयास में ही झारखंड टेट परीक्षा पास करनी होगी। यदि झारखंड सरकार तीन साल में जेटेट परीक्षा आयोजित नहीं करती है तो अभ्यर्थियों पर यह शर्त लागू नहीं होगी। अभ्यर्थियों को सहायक आचार्य परीक्षा की तैयारी के लिए तीन माह का समय दिया जायेगा। कोर्ट ने कहा कि सरकार हर साल जेटेट परीक्षा आयोजित करे। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि झारखंड में आठ वर्षों से राज्य सरकार ने जेटेट की परीक्षा नहीं ली है। कोर्ट ने कहा कि वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने सीटेट परीक्षा पास की है या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास की है, वे सहायक आचार्य परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि 23 अगस्त, 2010 के एनसीटीई की गाइडलाइन में प्रोविजन है कि यदि राज्य सरकार टेट परीक्षा नहीं लेती है तो दूसरे राज्य से टेट परीक्षा या केंद्र सरकार से सीटेट पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति में कंसीडर किया जायेगा।

## चिराग-सात्विक को मिलेगा ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार



*** राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का हुआ एलान**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** खेल पुरस्कारों के लिए बुधवार को नाम का एलान हुआ। भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न सम्मान के लिए भारत के दो युवा बैडमिंटन स्टार को चुना गया है। इस साल के लिए खेल रत्न पुरस्कार चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी को दिया जाएगा। इन दोनों ने दुनिया भर में बैडमिंटन युगल में भारत का नाम रोशन किया है। सभी खिलाड़ी जनवरी में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए जाएंगे। खेल मंत्रालय के मुताबिक 26 एथलीट्स अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित होंगे। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों का चयन उस साल उनके प्रदर्शन को देखकर किया जाता है। खेल विभाग उनके नाम की सिफारिश करती है। अर्जुन अवॉर्ड्स पाने वालों कि लिस्ट में लंबी कूद के एथलीट श्रीशंकर, स्टार पैरा एथलीट शीतल देवी, स्टार महिला हॉकी प्लेयर सुशीला चानू समेत 26 एथलीट्स शामिल हैं। खेल मंत्रालय के मुताबिक, अलग-अलग समितियों की सिफारिशों के आधार पर और पूरी जांच पड़ताल के बाद सरकार ने इन सभी खिलाड़ियों, कोचों और संस्थाओं को अवॉर्ड के लिए चुना है। मंत्रालय ने सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों, कोचों और संस्थाओं की सूची भी जारी कर दी है।

## भारतीय तटरक्षक बल के लिए छह अपतटीय गश्ती जहाज बनाएगा एमडीएल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए मझगांव डॉकयार्ड शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) 06 अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती जहाज (ओपीवी) बनाएगा। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसके लिए एमडीएल के साथ 1614.89 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

खरीदे जा रहे छह जहाजों में से चार मौजूदा पुराने ओपीवी की जगह लेंगे और अन्य दो बेड़े में शामिल होकर आईसीजी की समुद्री क्षमता बड़ाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया है कि भारतीय तटरक्षक बल के लिए छह अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती जहाज खरीदने का मकसद आईसीजी की क्षमता को बढ़ावा देना और समुद्री सुरक्षा की ओर सरकार के बढ़ते फोकस को मजबूत करना है।

मझगांव डॉकयार्ड शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ किये गए 1,614.89 करोड़ रुपये के अनुबंध से 6 आधुनिक और उच्च तकनीक वाले अपतटीय गश्ती जहाज बनाए जाएंगे। इससे समुद्र में आईसीजी की निगरानी, कानून प्रवर्तन, खोज और बचाव, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया और मानवीय सहायता सहित अन्य महत्वपूर्ण क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। बयान में यह भी बताया गया है कि कई

**रक्षा मंत्रालय ने एमडीएल के साथ 1614.89 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए**



**समुद्र में आईसीजी की निगरानी और मानवीय सहायता क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा**

उच्च तकनीक उन्नत सुविधाओं और उपकरणों के साथ ये 115 मीटर लंबे जहाज बहुउद्देशीय ड्रोन, एआई क्षमता और वायरलेस से नियंत्रित रिमोट वॉटर रेस्क्यू क्राफ्ट लाइफबॉय आदि से लैस होंगे, जो नए युग की बहुआयामी चुनौतियों का सामना करने के लिए आईसीजी को अधिक परिचालन बढ़त प्रदान करेंगे। इन बहुउद्देशीय अत्याधुनिक जहाजों को एमडीएल ने स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा। यह जहाज कुल 66 महीनों की अवधि में तैयार करके आईसीजी को आपूर्ति किए जाएंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह अनुबंध देश की स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमता को बढ़ावा देने, समुद्री आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और सहायक उद्योगों, विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्यों को हासिल करेगा। यह परियोजना देश में रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी।

### ईडी ने लालू और तेजस्वी यादव को किया समन

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** ईडी ने नौकरी के बदले जमीन लेने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए राष्टीय जनता दल के चीफ लालू यादव और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को बुधवार को समन भेजा. ईडी ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को मामले में पूछताछ के लिए 22 दिसंबर को पेश होने को कहा है. वहीं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव को केस में सवाल-जवाब करने के लिए 27 दिसंबर को बुलाया गया है.

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब ह्रदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य जारी

**हुसैनाबाद :** 33 केवीए में टेक्निकल फॉल्ट के कारण बिजली आपूर्ति मंगलवार की रात से बाधित है। इस संबंध में हुसैनाबाद विद्युत विभाग के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की दाता नगर रेलवे अंडर पास के समीप केबुल तार में फॉल्ट हो गई थी, इसको लेकर जिला मुख्यालय से विद्युत विभाग की टीम कार्यों को पूरा करने में लगी है, कार्य प्रगति पर है रात्रि करीब 9 बजे तक बिजली आपूर्ति सुचारू होने की संभावना है, कार्य स्थल पर विद्युत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार, मानव दिवस कर्मी जीतेंद्र ठाकुर, उबैद आलम, समेत कई विद्युत कर्मी मौजूद है।

### तालीम से ही तरक्की मुमकिन : हाजी शकील

**लोहरदगा :** कोई भी समाज तभी तरक्की करता है जब वह शिक्षित होता है। उपर्युक्त बातें हाजी शकील ने उर्दू विकास मंच के तत्वाधान में आयोजित मुफ्त कोचिंग सेंटर का उद्घाटन समारोह में कहा। हाजी शकील ने कहा कि आज के इस दौर में पढ़ाई के बदौलत करियर को बनाया जा सकता है। होनहार लोगों के लिए समाज भरसक प्रयास करेगी। अंजुमन इस्मालिया के सदर अफसर कुरैशी ने मौके पर युवाओं को अच्छे इंसान बनने की नसीहत दिया। तन मन के साथ पढ़ने का संकल्प दिलाया और पढ़ाई में कोई भी कारण बाधक न बने, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षक नेता मुमताज अहमद ने निःशुल्क तालीम देने के लिए आगे आने वालों की तारीफ किया और कहा कि आज के इस भौतिक वादी युग में अच्छे और नेक सोच वाले ही ऐसी पहल करते हैं।

# आगामी नये साल में गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को डीसी की बड़ी सौगात

➲60 नवजात शिशु देखभाल केंद्र बनकर तैयार, गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन हेतु 50 बेड भी रेडी, नये वर्ष से होंगे क्रियाशील

➲एमएमसीएच में 24 घंटे टोकन सिस्टम लागू करने के दिये निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आगामी नये वर्ष में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिलेवासियों को नया तोफा मिलने वाला है। जिले के उपायुक्त शशि रंजन के पहल से गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को नये साल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिये एमएमसीएच में 60 नवजात शिशु देखभाल केंद्र बनकर तैयार है। इसी केंद्र का बुधवार को उपायुक्त श्री रंजन ने निरीक्षण किया। ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व एमएमसीएच में नवजात शिशु देखभाल केंद्र के सिर्फ 12 बेड ही थे। बुधवार को एमएमसीएच में पहुंचे उपायुक्त श्री रंजन ने स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम व सिविल सर्जन को नये साल से 60 नवजात शिशु देखभाल केंद्र व गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन हेतु 50 बेड क्रियाशील करने के निर्देश दिये। इस दौरान सिविल सर्जन ने उपायुक्त को बताया कि सिजेरियन व सामान्य प्रसव हेतु 50 नये बेड बनकर तैयार हैं। वहीं ऑपरेशन थिएटर में भी सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल कर दी गयी है. एमएमसीएच पहुंचे उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में मौजूद छोटे-छोटे बाउंडरी वॉल हटाने के निर्देश दिये ताकि अस्पताल पहुंचने वाले आगंतुकों को कोई तकलीफ न हो। एमएमसीएच में 24*7 टोकन सिस्टम लागू करने के दिये निर्देश। वहीं मरीज के साथ अस्पताल में अटेंडेंट के रूप में कोई एक ही सदस्य रहे यह सुनिश्चित करने पर बल दिया। मौके पर सीएस डॉ अनिल कुमार सिंह व डीपीएम हेल्थ दीपक व अन्य उपस्थित रहे।

# लंबित प्रपत्रों का यथाशीघ्र कराएं निष्पादन : आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रमंडलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक दशरथ चंद्र दास की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के तहत संचालित कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। आयुक्त ने पलामू प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राप्त दावा/ आपत्ति संबंधी प्रपत्रों की प्राप्ति एवं निष्पादन के संबंध में विशेष समीक्षा करते हुए लंबित प्रपत्रों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया। उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए कार्यों को ससमय निष्पादित कराने का निदेश दिया। बैठक में आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक दशरथ चन्द्र दास के अलावा आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, पलामू की प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू, गढ़वा के उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार एवं लातेहार के प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार मो. परवेज आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने आपूर्ति कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को आपूर्ति विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की.समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने सर्वप्रथम लाभुकों के बीच धोती-साड़ी-लुंगी वितरण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पाया कि पाटन व नावाबाजार में शतप्रतिशत धोती-साड़ी-लुंगी का वितरण नहीं किया गया है। इसपर उपायुक्त ने नाराजगी प्रकट करते हुए आपकी योजना-आपकी सरकारी-आपके द्वार के शिविर में वितरण करने के निर्देश दिए.इसी तरह समय से राशन का डीएसडी नहीं करने को लेकर डीसी ने डीएसओ को छतरपुर के सहायक गोदाम प्रबंधक पर कार्रवाई करने की बात कही साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जनसेवक जो एमओ के चार्ज में है उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

**पूरे सप्लाई चेन को दृष्टि करने के निर्देश**

उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रिति किस्कु व सभी एमओ को जिले में पूरे सप्लाई चेन को दुरूस्त करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीवीटीजी परिवार समय से राशन मिले, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिले में शत-प्रतिशत आधार सीडिंग करवाने पर भी बल दिया। इसमें पांकी व मनातू को विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर उपरोक्त के अलावे सभी एजीएम व एमओ सहित एफसीआई के अकाउंटेंट पंकज तिवारी व आपुर्ति विभाग के अंजय पांडेय उपस्थित थे।

# सीमांकन करने पुलिस बल के साथ पहुंचे अंचल अमीन

## आवेदक दिलरंजन सिंह नही बता सके दखल कब्जा, अन्य हिस्सेदारों की आपत्ति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** सोमवार को मौजा बटसारा के खाता 3 प्लॉट 1616,1618,1619,1620 व 1622 का सीमांकन वाद संख्या 62 को ले पहुंचे अंचल अमीन बिना सीमांकन के ही बैरंग वापस लौटे। सीमांकन को ले उपरोक्त खाता के अन्य हिस्सेदार धर्मवीर सिंह, विनय सिंह, ओमप्रकाश, अजय सिंह ने पूर्व में ही अंचल अधिकारी के पास आपत्ति किया था। मौके पर पहुंचे अंचल अमीन के पास भी दाखिल किए गए टाइटल सूट की कॉपी, खतियान, रजिस्टर टू, राजस्व रशीद के साथ लिखित आपत्ति दर्ज किया। साथ ही साथ अन्य हिस्सेदारों का जोत कोड़ व किए गए खेती को दिखाया। इधर मौके पर पहुंचे आवेदक दिलरंजन सिंह से जब अमीन ने पूछा की आप अपना दखल कब्जा, जोत है तो दिखाइए. जिस पर दिलरंजन सिंह ने कहा की मेरा दखल कब्जा नही है और ना है आर है। किधर जमीन है नही देखे है विक्रेता भानु प्रताप सिंह ने पूरे एरिया को दिखाए थे. जिसके बाद अमीन ने अंचल अधिकारी और अंचल निरीक्षक से बात किया. बताया की बड़ा प्लॉट है काट रकबा है, कोई बटवारा का कॉपी नही है इसमें कैसे मापी होगा। जबकि अन्य हिस्सेदारों का जोत कोड़ है. जिसके बाद पंडवा पुलिस और अंचल अमीन बैरंग वापस लौटे। मौके पर महाराणा प्रताप सिंह, गिरिजा सिंह, विद्यापति सिंह, वेदव्यास सिंह, विनोद सिंह, संजय सिंह, लालमोहन सिंह, राधामोहन सिंह, अनिल सिंह, बिहारी सिंह, प्रवीण प्रसाद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# कर्नल कप: बभंडी ने मोकहर कला को 2-1 से पराजित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को मोकहर कला का सामना बभंडी से हुआ। इस मैच में दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिला। बभंडी ने खेल के शुरुआती क्षणों में ही गोल कर 1-0 का बढ़त बना लिया था। लेकिन मोकहर कला ने खेल के अंतिम क्षणों में गोलकर मुकाबले को 1-1 के बराबरी पर ला दिया। उसके बाद दोनों टीमों को पांच मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया जिसमें बभंडी ने लवकुश कुमार के बेहतरीन किक पर किए गए गोल के बदौलत इस मैच को 2-1 से अपने नाम कर लिया तथा अपने ग्रुप में टॉप स्थान पर काबिज़ हो गई। बताते चले की लीग मैच की अपेक्षा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दर्शकों की संख्या में वृद्धि हुई है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के हजारों दर्शक फुटबॉल का आनंद उठाते हुए नजर आ रहे हैं। दर्शकों के लिए कल भी बहुत ही शानदार मुकाबले देखने को मिलेगा क्योंकि टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन टीमों में से एक मानी जाने वाली अमही और मंझौली के टीम पहली बार इस प्रतियोगिता में आमने-सामने होंगी। यह मैच गुरुवार को दोपहर 2ः00 बजे से खेला जाएगा।

# गढ़वा डीडीसी ने प्रखंड कर्मियों के साथ कि बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** उप विकास आयुक्त राजेश कुमार ने प्रखंड कार्यालय में कर्मियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशानिर्देश दिया। बैठक में विशेष रूप से अबुआ आवास को लेकर चर्चा किया गया। कहा राज्य में गढ़वा जिला का भवनाथपुर प्रखंड अबुआ आवास सत्यापन में सबसे पीछे है। कर्मियों को निर्देश दिया कि जांच टीम गठित कर सभी पंचायतों में 28 दिसंबर तक आवास का सत्यापन कर प्राथमिकता के आधार पर ग्रामसभा के माध्यम से सुची सौंपे। साथ ही आंगनबाड़ी, मनरेगा, सहित अन्य योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी ली। इस अवसर पर बीडीओ नंद जी राम, बिपीओ तहमिद अंसारी, जेई विजय शंकर राय, श्याम चौधरी, पंचायत सचिव अजित सिंह, सतीश सिंह, भुवनेश्वर सिंह, पीएम आवास समन्वयक अशोक कुमार, रोजगार सेवक परमानंद ठाकुर सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# खरौंधी पुलिस और एमवीआई ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

## 26 वाहनों का काटा गया 146800 रुपये का ऑनलाइन चालान



**प्रभात मंत्र सवांददाता**

**खरौंधी :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खरौंधी पुलिस ने मंगलवार को चलाया वाहन चेकिंग अभियान। वाहन चेकिंग अभियान खरौंधी थाना के समीप एमभीआई रामबली यादव के नेतृत्व में मंगलवार को सघन जांच किया गया। जांच के क्रम में दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन सहित टोटल 26 वाहन को ऑनलाइन चालान किया गया।एमवीआई की उपस्थिति मोटरसाइकिल चला रहे चालकों से हेलमेट, लाइसेंस, प्रदूषण के साथ -साथ सभी कागजात की जांच की गई। जांच के क्रम में कागजात नहीं होने के बाद उनके वाहन को ऑनलाइन चालान काटा गया।जिसके बाद वाहन को छोड़ दिया गया। साथ ही वाहन चालकों को निर्देश किया गया कि परिवहन के साइट से चालान की राशि भुगतान 15 दिन के अंदर करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही एमवीआई रामबली यादव ने बताया कि वाहन की सभी कागजात, हेलमेट साथ में ही लेकर चलें। वाहन चेकिंग में शामिल एमभीआई रामबली यादव, एएसआई सुरेंद्र दुबे सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# डीडीसी ने अबुआ आवास कर्मियों के साथ कि बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में उन्होंने कर्मियों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दिया कि कार्य मे कोताही बर्दास्त नही किया जायेगा। अबुआ आवास से संबंधित सत्यापन जल्द से जल्द तथा ससमय पूरा करने का निर्देश कर्मियों को दिया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इससे गरीबो को अपना घर बनाने में मदद मिलेगा। इस लिए अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए इसे पूरा करे। बैठक में बीडीओ विकास कुमार, डीआरडीए सहायक मिथिलेश कुमार, रानी द्विवेदी, स्नेहा सिंह, बीपीओ राजदीप कुमार, कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार, रणधीर कुमार, पंचायत सेवक ज्ञान चंद केशरी, बिरेन्द्र सिंह, नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह, आलोक राज, ज्ञान रंजन चतुर्वेदी, रामचंद्र पांडेय, कम्प्यूटर ऑपरेटर आराधना कुमारी, रोहित कुमार, अनुज कुमार सहित अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# एक्टिंग की राह पर श्री बंशीधर नगर के कलाकार

## अब लोगों का भ्रम दूर होगा कि मुंबई जाने पर ही बनेंगे हीरो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कहते हैं सपने बड़े देखना चाहिए, फिर भले ही आप किसी छोटे गांव, छोटे शहर और छोटे परिवार में क्यों ना रहते हो। अगर आपकी ख्वाब बड़ी हो तो एक दिन मुकाम हासिल हो ही जाता है। फिल्मी दुनिया में ऐसा ही ख्वाब देखने वाले श्री बंशीधर नगर के स्थानीय कलाकार शॉर्ट फिल्म बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूट्यूब के जरिए अपना जलवा बिखेर रहे हैं। अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले यह सभी कलाकार कम समय में एक बड़ी पहचान बनाने में कामयाबी हासिल कर रहे हैं। ये सभी कलाकार यूट्यूब चैनल यो यो ग्रुप के बैनर तले रविवार को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में हिंदी फिल्म की शॉर्ट मूवी का शूटिंग किया।शूटिंग से पूर्व कलाकारों ने कैमरे की विधिवत पूजा अर्चना के साथ फिल्म का मुहूर्त शॉर्ट का उद्घाटन किया। यह शॉर्ट फिल्म अनाथ भाई - बहन की कहानी पर आधारित सामाजिक कहानी है।भाई का सपना था की बहन को बड़ा डॉक्टर बनाए। वह मजदूरी कर अपनी बहन को पढ़ा लिखा कर डॉक्टर बनाना चाहता है। इसका पहला दिन का शूटिंग जंगीपुर स्थित ब्लॉक मोड़ के पास किया गया। बाकी पार्ट्स का शूटिंग गढ़वा और श्री बंशीधर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा। फिल्म बनने से स्थानीय कलाकारों में छिपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा। यह फिल्म 35 मिनट की होगी। जो 25 दिसंबर क्राइमस डे के दिन यूट्यूब चैनल यो यो ग्रुप पर रिलीज होगी। शार्ट मूवी के डायरेक्टर शुभम जायसवाल तो कैमरामैन शुभम व धीरज है। जबकि अभिनेता विकास सिंह, अभिनेत्री प्राची राज है। वही विलेन का रोल स्थानीय कलाकार रितेश रंजन, कृष्णन गोस्वामी, जॉनी लीवर, सूरज कुमार, आदित्य राज समेत यो यो ग्रुप के सभी कलाकार शामिल है।

# विद्युत तार की चपेट में आने से युवक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव में बिजली तार की चपेट में आने से बुधवार को संदीप पासवान नामक युवक की मौत हो गई। मृतक गांव से सटे सीमावर्ती बिहार राज्य के कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहरीडीह गांव का रहने वाला था। ग्रामीणों ने बताया की युवक को बिजली तार की चपेट में आने के बाद हरिहरगंज सीएचसी केंद्र ले जाया गया चिकित्सको ने युवक को मृत घोषित कर दिया। एसआई प्रकाश गुप्ता ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद भेजा गया, एवं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# वार्ड सदस्यों के तीसरे बैच का प्रशिक्षण प्रारम्भ, डीडीसी ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत चुनाव 2022 के संपन्न होने के पश्चात वार्ड सदस्यों के तीसरे बैच का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण बुधवार को प्रारम्भ हो गया। तीसरे बैच में कोलझिकि, कधवन, भोजपुर व गरबान्ध पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हुये. प्रशिक्षण में सभी वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के गठन एवं उसके कार्य प्रणाली, ग्राम सभा, स्थायी समितियां आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि प्रशासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत होता है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा में वार्ड सदस्य की भूमिका सबसे बड़ी होती है. सभी वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी होना चाहिये.इसके साथ ही वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में वार्ड सदस्यों की भूमिका से संबंधित जानकारी दिया गया। संविधान के 73 वें संशोधन के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का गठन की जानकारी भी दिया गया.सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षक दिलीप तिवारी तथा दुर्गेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। वार्ड सदस्यों के चल रहे प्रशिक्षण का उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने भी निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में बुधनी देवी, खुश्बू देवी, माया देवी, परिखा उरांव, लालमुनि राम, पारस नाथ, पार्वती देवी, प्रतिमा देवी, सफीना बीबी, आरती देवी, सुनीता देवी, मनोज सिंह, मोती बीबी, गिरजा देवी, खुशबुन बीबी, सुनैना कुमारी, नागवंती देवी, शकुंतला देवी, मुंशी भुइया, फूलवंती देवी, यशोदा देवी, प्रतिमा देवी सहित बड़ी संख्या में वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# विशुनपुरा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विशुनपुरा :** प्रखंड मुख्यालय के बिशुनपुरा पंचायत में राज राजेन्द्र प्रताप देव उच्च विद्यालय के मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद् सदस्य शंभू चंद्रवंशी, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप देव, प्रमुख दीपा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य शांती देवी, मुखिया प्रमीला देवी, बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा, सीओ वासुदेव राय, सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बिशुनपुरा पंचायत के नये महिला समूह के लाभुकों के बीच सीसीएल सेकेंड लिंकेज के तहत् जेएसएलपीएस के द्वारा 9 लाख रुपए की चेक समूह सखी को भेंट किया गया। वहीं कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, कृषि विभाग, बिजली विभाग, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, किशोरी समृद्धि योजना जैसे अन्य स्टॉल लगाए गए थे। जीप सदस्य शंभू राम चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले दो वर्षो से कार्यक्रम का सफल आयोजन हो रहा है। जिसमें कई समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसका निष्पादन भी किया गया था। वहीं युवा पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार की ओर से गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना लाया गया है। जिसके तहत छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक तौर पर सहयोग किया जाएगा। जिससे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने में छात्रों को पैसा की कमी कभी बाधा नही बनेगा।कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख दीपा कुमारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि पिछले वर्ष भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ था जिसमें बहुत सारे कार्यों का निष्पादन किया गया था। इसलिए आप इस वर्ष भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में आएं और इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा ने बताया की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सरकार द्वारा विभिन्न महत्वाकांक्षी योजना का स्टॉल लगाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### जयपाल सिंह स्टेडियम में फूड पार्किंग से अच्छा ठेला वाले को दे जगहः गुप्ता

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पास जो ओपन पार्किंग बनाई गई है जहां पर खेल एवं अन्य तरह के सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम प्रयासरत है । इसी जगह पर बड़े वाहनों के लिए फूड वैन की व्यवस्था करने की भी बातें सामने आ रही है उक्त बातें फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने कहीं। गुप्ता ने कहा कि जयपाल सिंह स्टेडियम को काफी सुंदर बनाया गया है। लेकिन जहां तक फुट वैन के लिए पार्किंग बनाने की व्यवस्था है तो इसके लिए बताया जा रहा कि बड़े वाहन जिसके पास होंगे उसे ही फूड वैन को जगह दी जाएगी। इसमें कई तरह की समस्याएं आएगी। क्योंकि ट्रैफिक जाम के साथ-साथ यहां पर जिनके पास वाहन रजिस्ट्रेशन होगा और फूड वैन का लाइसेंस होगा, उसे ही मौका मिलेगा । ऐसे में जो गरीब लोग हैं , उसे रोजगार का साधन नहीं जुटा पाएगा, इसलिए इसमें विचार करते हुए जो ठेला वाले लोग हैं उसे मौका दिया जाना चाहिए , ताकि गरीबी मिटे और रोजगार बढ़े।

### सेंट जॉन्स स्कूल रांची में क्रिसमस का हुआ आयोजन

**रांची :** रांची के सेंट जॉन्स स्कूल ने एक उत्साहपूर्ण सभा के साथ क्रिसमस की उत्सव भावना को अपनाया। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और उनके परिवारों ने भाग लिया, जिसमें फादर दीपक किंडो (बरियातू में डॉन बॉस्को यूथ सेंटर के निदेशक), एटीसी, नामकुम के सहायक निदेशक फादर सुबोध लकड़ा और फादर डेविड आनंद खलखो (पैरिश प्रीस्ट, सेंट मैरी कैथेड्रल, रांची) मुख्य अतिथि फादर दीपक किंडो ने क्रिसमस के वास्तविक सार पर जोर देते हुए एक प्रेरक भाषण दिया।

# अल्बर्ट एक्का चौक से टैक्सी स्टैंड, डेली मार्केट तक चला अतिक्रमण मुक्त अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची शहर के महात्मा गांधी पथ (मेन रोड) पर फेरी वालों वेंडर्स/खोमचा एवं अवैध वाहन पार्किंग आदि के द्वारा सड़क एवं सड़क फ्लैक पर अतिक्रमण करने एवं इस कारण सड़क पर यातायात प्रभावित होने के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जिसके आलोक में प्रशासक के आदेशानुसार राँची नगर निगम की टीम (इन्फोर्समेन्ट एवं नगर निवेशक) द्वारा यातायात पुलिस के साथ संयुक्त रूप से 20.12.2023 अल्बर्ट एक्का चौक से टैक्सी स्टेण्ड, डेली मार्केट तक को अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान 08 दो पहिया वाहन जब्त किए गए एवं यातायात पुलिस द्वारा फाईन काट कर छोड़ा गया तथा 04 दो पहिया वाहन जब्त कर बकरी बाजार स्टोर भेजा गया। साथ ही सड़क किनारे दुकानों को हटाया गया और दोबारा दुकान नही लगाने हेतु सख्त निर्देश दिया गया। 29.12.2023 तक शहर के कचहरी चौक से सुजाता चौक तक लगातार अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा तथा सड़क के दोनों तरफ किये गये अतिक्रमण एवं सड़क पर ठेला/खोमचा, फेरीवाला, फुटपाथ अतिक्रमण एवं अवैध वाहन पार्किंग को त्वरित कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा व्यवसायिक भवनों के पार्किंग स्थल को चिन्हित कर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के मालिक एवं कर्मचारियों के वाहनों को पार्किंग स्थल में लगवाने का कार्य भी किया जा रहा है। उक्त अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्व सभी अतिक्रमणकारियों को स्वतः अतिक्रमण हटाने हेतु माइकिंग के माध्यम से निर्देश दिया गया।इस पूरे अभियान का नेतृत्व सहायक प्रशासक सूरज प्रकाश सिंह चौधरी, निकेश कुमार, चन्द्रदीप कुमार तथा मुकेश कुमार द्वारा किया जा रहा है। उक्त अभियान लगातार कचहरी चौक से अल्बर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक होते हुए सुजाता चौक तक चलाया जाएगा।

# सभी मंदिरों में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष सह युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में रांची के विभिन्न सामाजिक - धार्मिक संगठन एवं पूजा समितियों की महत्वपूर्ण बैठक राम जन्मभूमि तीर्थ छेत्र अयोध्या में राम लल्ला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए सम्पन्न हुई ।बैठक का संचालन किशोर साहू के द्वारा किया गया एव धन्यवाद ज्ञापन चैती दुर्गापूजा महासमिति एव विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष गोपाल पारीक के द्वारा किया गया । बैठक में आए सभी अतिथियों का भव्य स्वागत अर्जुन राम के द्वारा किया गया ।बैठक में मुख्यरूप से झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी , नेता प्रतिपक्ष झारखंड अमर बाउरी , विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री वीरेंद्र साहू एवं संगठन मंत्री देवी सिंह सामाजिक कार्यकर्ता शंकर दुबे , डॉ प्रकाश कुमार , दया शंकर ओझा जी शामिल थे । बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 22 जनवरी 2024 को महावीर मंडल राँची के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी प्रमुख मंदिरों एवं अखाड़ो में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में राम लल्ला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में राजधानी रांची के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया जाएगा तत्पश्चात भजन कीर्तन किया जाएगा ।बैठक में महावीर मंडल राँची के द्वारा दुर्गापूजा मोहत्सव 2023 के भव्य पूजा आयोजन के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी , प्रति पक्ष नेता अमर बाउरी एव मंहत ओम प्रकाश शरण के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।

बैठक में जिला दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष अशोक पुरोहित , महानगर दुर्गापूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राज किशोर , राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह , महावीर मंडल डोरंडा से संजय पोद्दार एव पप्पू वर्मा महावीर मंडल चुटिया के नेतृत्वकर्ता कैलाश केसरी , महावीर मंडल कांके रोड के नेतृत्वकर्ता नकुल तिर्की , महावीर मंडल बार्डगाई के अध्यक्ष डॉ जीवधन प्रसाद , ग्रामीण क्षेत्र से मुन्ना बड़ाईक एव हिन्दू जागरण मंच के सुजीत सिंह युवा दस्ता के पीयूष आनंद , साहिल कुमार , राकेश सिंह , मंटू दुबे , सुमित साहू , मनीष साहू , ज्योति शंकर साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया ।

बैठक में डॉ प्रणव कुमार बब्बू , प्रणय कुमार , प्रेम वर्मा , उपेन्द्र रजक , बसंत दास , सरोज सिंह , सुनील गुप्ता , अनिल गुप्ता , प्रणय कुमार , उमेश कामदार , कैलाश पारीक, शंकर साहू , निशांत यादव , शुभम पुरोहित , रमेश केडिया , विशजीत घोष शामिल थे ।

# ब्रिटिश उप उच्चायुक्त डॉ एन्ड्रयु ने डीजीपी अंजू सिंह से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची में ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर, कोलकत्ता डॉ एन्ड्रयु फ्लेमिंग एवं ब्रिटिश हाई कमीशन के अरुणाभ भट्टाचार्य ने पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के कार्यालय कक्ष में उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड द्वारा ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर, कोलकत्ता, डॉ एन्ड्रयु फ्लेमिंग का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया साथ ही इस पल को यादगार बनाने हेतु स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय भी उपस्थित रहे, जिन्होने ब्रिटिश हाई कमीशन के अरुणाभ भट्टाचार्य का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया।

# विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री से किया संवाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधानसभा के चल रहे शीतकालीन सत्र में सदन की कार्यवाही देखने आए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सीआरपीएफ धुर्वा रांची के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इन विद्यार्थियों को विधानसभा के महत्व और संचालन से जुड़ी जानकारी दी। इस मौके पर विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र और विधानसभा को लेकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रियता से लोकतंत्र को और मजबूती दी जा सकती है।

**सीएम से मिले सीसीएल के सीएमडी**

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने मुलाकात की। उन्होंने सीसीएल के कोल खनन और उत्पादन से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान की दिशा में राज्य सरकार से मिल रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस सहयोग से सीसीएल ने वर्ष 2023- 24 में कोल उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है उसे हासिल करने में सफल होगा।

# झारखंड में इमारत शरिया की स्थापना एक ऐतिहासिक कदम है : गुलाम शाहिद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के इमारत शरिया की स्थापना और हजरत मौलाना मुफ्ती नजरे तौहीद का पहले अमीर ए शरीयत के रूप में चुना जाना एक ऐतिहासिक घटना है, इससे झारखंड के मुसलमानों में खुशी की लहर है। मौलाना मुफ्ती नज़्रे तौहीद एक ज्ययद और रौशन ख्याल आलीम ए दीन हैं, जिनकी मिल्ली मसायल पर शुरू से ही गहरी नजर रही है। हज़रत ने इमारत शरिया फुलवारी शरीफ में भी अहम जिम्मेदारियां संभालीं और दीनि तंजीम मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इमारत शरिया फुलवारी शरीफ ने झारखंड की समस्याओं को हमेशा नजरअंदाज किया। यहां से बड़ी मात्रा में फितरा, जकात और मदद की मोटी रकम फुलवारी शरीफ को जाती थी, लेकिन इसका बहुत छोटा हिस्सा झारखंड पर खर्च किया जाता था। ऐसे में कई बार इमारत के अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाया गया लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। झारखंड के मुसलमान कोई बंधुआ मजदूर नहीं हैं जो फुलवारी से बंधे हों। जब झारखंड अलग राज्य बन गया और बिहार से सब कुछ अलग हो गया तो एक स्वतंत्र इमारत की स्थापना होनी चाहिए थी। इमारत शरिया झारखंड की स्थापना कोई अनोखा कदम नहीं है, देश के विभिन्न राज्यों में अपने- अपने इमारत स्थापित हैं और स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं। अगर झारखंड में भी ऐसा हुआ तो हंगामा क्यों है ? इमारत शरिया फुलवारी शरीफ को ठंडे दिल से विचार करना चाहिए और नवगठित इमारत शरिया झारखंड को सहयोग करना चाहिए ताकि मामला तमाशा न बन जाए।

# धुर्वा डैम में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का मॉक ड्रिल आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची, राहुल कुमार के निर्देशानुसार बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का संचालन, झारखंड को लेकर अपर समाहर्ता रांची, राजेश कुमार बरवार कि अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रवीण प्रकाश, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, डॉ. प्रभात शंकर, सिविल सर्जन (सदर)रांची, डॉ. प्रभात कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, मिथलेश केरकेट्टा, कार्यपालक दंडाधिकारी, संजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नगड़ी,पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली रांची, एन.डी.आर.एफ कि टीम, बिजली विभाग के पदाधिकारी एवं सम्बंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे। जानकारी हो कि रांची जिले में बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का संचालन, झारखंड को लेकर बैठक किया गया। जिसमें 21 दिसंबर 2023 को धुर्वा (हटिया) डैम में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आपदा कि तैयारी और आपदा से बचाव सम्बन्धी मॉक ड्रिल किया जाना है।

इसका मुख्य उद्देश्य है, कि हम आपदा को लेकर कितने सजग और हमारी तैयारी कैसी है। ताकि आपदा आने पर जान -माल कि सुरक्षा कैसे किया जा सकें।

अपर समाहर्ता रांची, राजेश कुमार बरवार ने इस बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों से क्रमवार चर्चा करते हुए कहा कि 21 दिसंबर 2023 को धुर्वा (हटिया) डैम में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर सभी सम्बंधित अधिकारी अपने दिए गए कार्यो और कर्तब्य को पूरा करते हुए इस मॉक ड्रिल के सारें अनुदेशों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे ताकि यह मॉक ड्रिल हमें भविष्य में आने वाली आपदा से लड़ने में सहायता प्रदान करेगी।

# सृजन और संघर्ष से बनता है आदिवासी साहित्य का सौंदर्य : रवि भूषण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** किताब उत्सव में तीसरे दिन का पहला सत्र हमारा झारखंड हमारा गौरव झारखंड की विचारक-कथाकार एलिस एक्का पर केंद्रित रहा। इस सत्र में आदिवासी विमर्श की चिंतक वन्दना टेटे ने उनके जीवन और व्यक्तित्व पर वक्तव्य दिया। वन्दना ने कहा कि एलिस एक्का ने न सिर्फ साहित्य बल्कि विविध क्षेत्रों में काम किया। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। एलिस को पढ़ते हुए मुझे बहुत सहजता महसूस होती है। उनके लेखन में कोई बनावट नहीं है।

आदिवासियों की खास बात होती है कि वो एकसाथ कई भाषाएं जानते हैं। मनोज भक्त, साहित्यकार पंकज मित्र, सावित्री बड़ाइक और विनोद कुमार सिंह ने उपन्यास पर अपना वक्तव्य रखा। इस सत्र में डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय शोध कल्याण संस्थान के निदेशक रणेन्द्र ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि साहित्यिक रचनाओं में एक इतिहास छिपा रहता है।

उन्होंने शाल डूंगरी का घायल सपना किताब के बारे में बताया कि इस उपन्यास में झारखण्ड बनने के बाद की राजनीति की कटु सचाइयों को उपन्यास के रूप में सजीव चित्रण किया गया है। विनोद कुमार सिंह ने कहा कि शाल डूंगरी का घायल सपना उपन्यास झारखण्ड बनने के सुनहरे ख्वाब और बनने के बाद की काली सच्चाइयों के द्वंद को दर्शाता है।

इस सत्र में वन्दना टेटे, जिन्दर सिंह, पार्वती तिर्की और रवि भूषण ने विषय पर वक्तव्य रखा।

# कलाकार जगलाल सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुई आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रामगढ़ जिला लाइयो के रहने वाले और इप्टा के सक्रिय कलाकारों में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले लोग गायक जगलाल सिंह का निधन सोमवार को हार्ट अटैक से आने के कारण हो गया। इसके निधन की सूचना मिलने के बाद इप्टा झारखंड में शोक की लहर है । रांची जिला इप्टा के द्वारा उनके निधन पर शोक व्यक्त किया गया और उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस मौके पर जगलाल सिंह के जीवन पर बातचीत भी की गई। बताया गया कि वे एक अच्छे कलाकार थे, कर्मठ व्यक्ति थे और अपने आसपास के क्षेत्र में समाजसेवा के लिए भी जाने जाते थे। उन्होंने लोक गायन के साथ-साथ नाटक और दूसरे कलाविधा से भी जुड़े हुए थे। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरिष्ठ रंगकर्मी लेखक अबरार अहमद, वरिष्ठ रंगकर्मी श्यामल मलिक, प्रदीप तरफदार , परवेज कुरैशी , श्यामल सोंटा, सीपीआई नेता अजय सिंह,ललन मिश्रा,चंदन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आदिवासी युवक आइपीएल में मचायेगा धमाल

**रांची।** झारखंड के गुमला में रहने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज को आईपीएल 2024 ऑक्शन में गुजरात टाइटंस ने 3.60 करोड़ में खरीदा है। इसके साथ ही रॉबिन मिंज झारखंड के पहले आदिवासी क्रिकेटर बन गए हैं, जो आईपीएल में खेलते नजर आयेंगे। रॉबिन अब तक चार आईपीएल टीमों के ट्रॉयल में असफल हो गए थे । आखिरकार इस साल मुंबई इंडियंस ने उनकी ट्रेनिंग का जिम्मा लिया। इसके बाद रॉबिन की ट्रेनिंग इंग्लैंड में हुई? रॉबिन के आईपीएल मे चयन के बाद उनके गांव में काफी खुशी का माहौल है।

# कोरोना से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार : बन्ना गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोरोना के नए वैरिएंट के मरीज देश में तेजी से बढ़ रहे है। ऐसे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अलर्ट जारी कर दिया है। बुधवार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से मीटिंग की। जिसमें इन्फ्लूएंजा और कोविड-19 जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों में हालिया वृद्धि को देखते हुए चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने झारखंड की स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं की तैयारी पर जानकारी ली। इस पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में कोरोना के दो एक्टिव मरीज है, जो टीएमएच में इलाजरत है. हम कोरोना से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बन्ना गुप्ता ने बताया कि बीस दिसंबर 2023 तक कोरोना की झारखंड में स्थिति कुछ इस तरह से है।

राज्य में कोरोना सैम्पल टेस्टेड 2 करोड़ 33 लाख 75 हजार 337, राज्य में कोरोना से मृत्यु की संख्या 1140, राज्य का रिकवरी रेट 98.80 फीसदी राज्य का मृत्यु दर 1.20 फीसदी, पॉजिटिविटी दर 1.90 फीसदी जबकि देश का 4.81 फीसदी, राज्य में अक्टूबर में कुल 6944 नमूनों की जांच की गयी, जिसमें से कोई भी मरीज कोविड संक्रमित नहीं पाया गया. नवम्बर में 4118 नमूनों की जाँच की गयी, जिसमें मात्र 12 पॉजिटव पाये गये तथा दिसम्बर माह में अभी तक 1675 नमूनों की जाँच की गयी जिसमें 10 व्यक्ति कोविड संक्रमित पाये गये, जिसका पॉजिविटी दर-0.59 फीसदी है।

राज्य में आरटी पीसीआर प्रयोगशाला की संख्या 27 है. जिसमें 12 जिलों में आरटी पीसीआर लैब अधिष्ठापित है. जिसमें 7 में जांच प्रारम्भ है. अन्य आईसीएमआर द्वारा सर्टिफिकेशन प्रक्रियाधिन है.

कोबास (6800) लैब रिम्स रांची एवं फूलो झानो चिकित्सा महाविद्यालय दुमका में स्थापित की जा चुकी है.

# 12 प्राथमिकी अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति करने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा एटीएस थाना काण्ड संख्या 07/2023 के प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध धारा- 16/17/20 यूएपी एक्ट के अंतर्गत अभियोजन स्वीकृति का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा प्रधान सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची को पत्र लिखा गया है, जिसमें पुलिस अधीक्षक, आतंकवाद निरोधी दस्ता, झारखण्ड रांची से प्राप्त प्रस्ताव की मूल प्रति संलग्न कर भेजते हुए अभियोजन स्वीकृति आदेश निर्गत करने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। एटीएस थाना काण्ड संख्या 07/2023 18.07.2023 में 12 प्राथमिकी अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति आदेश निर्गत करने का अनुरोध उपायुक्त द्वारा किया गया है। नाम निम्न हैं: अमन साहु उर्फ अमन साव उर्फ अमन कुमार, पे0-निरंजन साहु उर्फ निरंजन प्रसाद, सा0 ठाकुरगाँव मतवे, थाना-बुढमू, जिला-राँची। 2. हरि तिवारी उर्फ धीरेन्द्र तिवारी उर्फ हरिश उर्फ धर्मेन्द्र,



पे0-विजय तिवारी उर्फ पुत्कल तिवारी उर्फ फुट्टु तिवारी, सा0-बारालोटा, थाना-शहर मेदिनीनगर, जिला- पलामू। 3. योगेश्वर कुमार महतो उर्फ जोगेश्वर उर्फ योगेश्वर महतो, पे0-बिगन महतो, सा0-बहेरवातरी सलगा, थाना-केरेडारी, जिला-हजारीबाग। 4. आकाश साव, पिता-निरंजन साव, सा0-मतवे, थाना-बुड़मू, जिला-राँची। 5. वारिस अंसारी उर्फ मुसा, पे0-युनूस अंसारी, सा0-सांकुल, थाना-पतरातु, जिला- रामगढ़। 6. चंदन कुमार साव उर्फ चंदन साव, पिता-लोकनाथ साव उर्फ लोको साव, ग्राम-सांकुल, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़। 7. राजा अंसारी, पे0 खलील अंसारी, सा0-जयनगर, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़। 8. दिगंबर प्रजापति, पे0-कमल प्रजापति, सा0-जयनगर, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़। 9. सिद्धार्थ कुमार उर्फ बॉबी साव, पे0-कौलेश्वर साव, सा0-टेरपा आजाद नगर टोला, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़। 10. राजन साव, पे0-कौलेश्वर साव, सा0-टेरपा आजाद नगर टोला, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़। 11. रवि मुण्डा, पे0-स्व0 प्रसाद मुण्डा, सा0-टेरपा टोकीसूद, थाना-पतरातू, जिला- रामगढ़। 12. मयंक सिंह उर्फ सुनील कुमार मीणा, पे0-मंगल राम, सा0-नयी मण्डी घडसाना, जिला-श्रीगंगानगर, राज्य-राजस्थान।

# पंचायत राज अंतर्गत कर्मियों को पंचायती राज संस्थानों में ही कार्य पर लगायें : निशा उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने पंचायत राज स्वशासन परिषद अंतर्गत कार्यरत कर्मियों को प्राथमिकता के अनुसार पंचायती राज संस्थानों में ही कार्य पर लगाने का निर्देश सभी उपायुक्तों को दिया है।

उन्होंने इस संबंध में पूर्व सचिव विनय कुमार चौबे के हस्ताक्षर से जारी पत्र की कॉपी भी दी है। निशा उरांव ने कहा कि लगातार समीक्षा में यह बात सामने आ रही है कि स्वशासन परिषद अंतर्गत कार्यरत कर्मियों को दूसरे कार्यों में लगाया जा रहा है, जिस वजह से पंचायतों का काम प्रभावित हो रहा है। विभागीय लक्ष्य प्राप्त करने में भी दिक्कत हो रही है। राज्य सरकार ने पंचायती राज स्वशासन परिषद के अंतर्गत प्रखंड समन्वयकों की नियुक्ति की थी और इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश भी दिया गया था। यह स्पष्ट किया गया था कि प्रखंड समन्वयक की नियुक्ति पूरी तरह से स्वशासन परिषद के कार्यों के लिए की गयी है। निशा उरांव ने कहा कि ऐसे में किसी प्रखंड समन्वयक को विभाग द्वारा निर्धारित दायित्वों के इतर कार्यों में नहीं लगाया जायेगा। यदि लगाना अपरिहार्य हो तो इस संबंध में जिला पंचायत राज पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। ऐसे में सभी उपायुक्त इस संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दें ओर प्रखंड समन्वयकों को प्राथमिकता के आधार पर सिर्फ पंचायत के कार्यों में लगाने को कहें।

## नौकरी की मांग को लेकर पुरनाडीह परियोजना का काम बन्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** कुटकी हेंजदा के रैयतो ने छह लोगो की नौकरी देने की मांग को लेकर पुरनाडीह परियोजना का काम सुबह से बन्द करा दिया.बुधवार की सुबह रैयत ग्रामीण एव रैयत विस्थापित मोर्चा के लोग पुरनाडीह परियोजना पहुँचे और परियोजना का काम बन्द करा दिया.बन्दी के कारण पुरनाडीह परियोजना का कोयला उत्पादन एव कोयला ढुलाई पूरी तरह बन्द रहा.रैयतो ने कहा कि पिछले चार वर्षो से उनका नौकरी लंबित है जबकि उनकी नियुक्ति पत्र आ गया था लेकिन आश्वासन देकर सभी छह लोगों को नियुक्त पत्र नहीं दिया गया.



कई बार प्रबंधन को लिखित आवेदन दिया गया उंसके बावजूद आजतक कोई पहल नही किया गया ,जिसके कारण मजबूर होकर परियोजना का काम बन्द कराना पड़ा.बन्द की सूचना मिलने पर एनके एरिया जीएम सुजीत कुमार एव पुरनाडीह परियोजना के प्रभारी पीओ जेके सिंह ने रैयत एव रैयत विस्थापित मोर्चा के साथ वार्ता किया.वार्ता में मोर्चा ने कहा कि प्रबंधन को अब ठोस निर्णय लेना होगा कि नौकरी कब तक मिलेगा उंसके बाद ही परियोजना का काम चालू करने दिया जाएगा.बाद में महाप्रबंधक ने एक महीना का समय लिया है साथही लिखित आश्वासन दिया है कि नौकरी का मामला मुख्यालय में लंबित है और एक महीने में समाधान करने का आश्वासन दिया है.वार्ता के बाद शाम में परियोजना का काम चालू हुआ.वार्ता में मोर्चा की ओर से बिगन सिंह भोगता, रंथू उरांव,जालिम सिंह,विनय खलखो, रामलखन गंझू, रामचन्द्र उरांव,अमृत भोगता, प्रकाश महतो,धनराज भोगता, कीनू गंझू, सोमनाथ गंझू,शिवनारायण लोहरा,रामधारी गंझू, श्यामजी महतो, धर्मवीर ठाकुर,सुनील यादव,प्रभाकर गंझू,विष्णु ठाकुर,कुंदन ठाकुर,सुखी गंझू, सोटन गंझू, रामविलास गंझू, सुनील उरांव, संतोष उरांव, कामेश्वर उरांव सहित कई लोग मौजूद थे.

## एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**कर्रा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनमेर बरटोली ग्राम निवासी अभय लोहरा 32 वर्ष में मंगलवार की राशि अपने घर में करंज पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि को अभय लोहरा घर के आंगन में करंज के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. वही बुधवार सुबह को ग्रामीणों के द्विरा घटना की सूचना कर्रा थाना को दिया गया. घटना की सूचना मिलने पर कर्रा पुलिस घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी लेकर शव को कब्जे में लिया और यूडी केस दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिए खूंटी भेजा.

## बाघवार अकादमी चान्हों के बच्चों ने किया फन कैसल रातू पार्क का भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** प्रखंड स्थित बाघवार अकादमी की ओर से नर्सरी से कक्षा -2 तक के बच्चों को भ्रमण के लिए (फ़न कैसल ) रातू पार्क ले जाया गया। फ़न कैसल जाने को लेकर बच्चे काफी उत्साहित थे। बच्चों को विद्यालय के बसों में ले जाया गया। यात्रा से पूर्व बच्चों को विद्यालय के निर्देशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार सहित अन्य शिक्षक गण ने हैप्पी जर्नी कहा तथा हाथ हिला कर सभी का अभिवादन किया। पूरे रास्ते बच्चे बहुत ही उत्साहित एवं खुश नज़र आए। वहां पहुंचकर सभी बच्चे पंक्तिबद्ध होकर एक-एक कर सभी राइड?, जैसे- ड्रैगन व्हील, कैटरपिलर, स्ट्राइकिंग कार, स्काई कार तथा सन मून राइड का आनंद उठाया। इस दौरान सभी बच्चों का उत्साह अपने चरम पर था। इसके पश्चात सभी बच्चों को पंक्तिबद्ध बैठाया गया और सभी बच्चों को लंच कराया गया। बच्चों का उत्साह इस बात से समझा जा सकता है कि कोई भी बच्चे वहां से आना नहीं चाह रहे थे। बच्चों की



देखभाल के लिए विद्यालय की शिक्षका फरहत जहां, संगीता एक्का, पिंकी कुमारी, मीनाक्षी कुमारी शालिनी टोप्पो एवं अनुज उरांव सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी गण मौजूद थे। लौटने से पूर्व सभी बच्चों एवं शिक्षकों का सामूहिक फोटो लिया गया। इस यात्रा को लेकर बच्चों सहित सभी अभिभावकों में काफी उत्साह था। सभी अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन से प्रत्येक वर्ष ऐसे सामूहिक भ्रमण आयोजित करने को कहा है।ज्ञात हो कि ऐसा शैक्षणिक भ्रमण विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। जिससे बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होता है।

## गूंज महोत्सव का तीसरा व अंतिम दिन युवाओं के नाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** गूंज महोत्सव का तीसरा और अंतिम दिन युवाओं के नाम समर्पित रहा। इस दौरान कई कार्यक्रम शुरू हुए। नई पहल के साथ अब सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 25 मिडिल स्कूलों में भी स्मार्ट क्लास की शुरुआत की गई। इसके लिए गूंज परिवार, सीसीएल और आईआईटी कानपुर एलुमनी बेस्ड ऐडटेक कंपनी स्कूगलिंक के बीच एमओयू किया गया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष गूंज परिवार और स्कूगलिंक के बीच हुए एमओयू के तहत सिल्ली विधानसभा के सभी हाई स्कूल में स्मार्ट क्लास का सफल संचालन किया जा रहा है

**सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में वर्चुअल लैब :** इसके अलावा आधुनिक तकनीक को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से सिल्ली में वर्चुअल रियलिटी लैब (VR Lab)




का शुभारंभ किया गया। वीआर लैब में छात्रों को हेडसेट के माध्यम से वर्चुअल तरीके से किसी कॉन्सेप्ट को आसानी से समझाया जा सकेगा। इस लैब की सफल संचालन के लिए रांची की संस्था समस्कारा और गूंज परिवार के बीच एमओयू साइन किया गया।

**रोबोटिक्स लैब से स्किलयुक्त बनेंगे बच्चे :** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के बच्चों को विज्ञान क्षेत्र में अधिक रुचि बढ़ाने, नई चीजें और आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराने के लिए रोबोटिक्स लैब की शुरुआत की जा रही है। इसके लिए एस.ई.टी फाउंडेशन और गूंज परिवार के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ।

**निःशुल्क कोचिंग संट्रेर उड़ान की हुई शुरुआत :** सिल्ली स्टेडियम परिसर में उड़ान कोचिंग का शुभारंभ किया गया। इस कोचिंग में सिल्ली विधानसभा के 100 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जायेगी। विद्यार्थियों के लिए अलग निःशुल्क हॉस्टल की भी सुविधा होगी, जिसमें रहने और खाने की व्यवस्था होगी। छात्र छात्राओं का चयन एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से किया जा चुका है।

**बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान :** महोत्सव में राज्य व देश का नाम रोशन करने वाले युवाओं के अलावा पढ़ाई के साथ अनुशासन, व्यवहार, खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सुदेश कुमार महतो ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानित किया।

**शिक्षा में क्षेत्र को अव्वल बनाना है - सुदेश :** इस मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि शिक्षा में क्षेत्र को अव्वल बनाना है। यह वर्तमान और भविष्य दोनों की जरूरत है। इसके लिए कई योजनाएं बनाई जा रही हैं और कई पर काम चल रहा है। इस विधानसभा क्षेत्र के युवाओं, विद्यार्थियों में लगन है। इस लगन को बनाये रखना है

## आनलाईन ट्यूटोरियल प्लेटफार्म पर, पटेल बीएड कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

**कर्रा :** पटेल बीएड कॉलेज लोधमा, कर्रा खूंटी में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. वक्ता के रूप में फातिमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मौसमी कुमार सहायक प्राध्यापक नितिन कुमार मिश्रा उपस्थित रहे. प्राचार्य डॉ मौसमी कुमार ने ऑनलाइन ट्यूटोरियल प्लेटफार्म के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी तथा इस शिक्षण को वर्तमान दौर में एक अहम क्षेत्र माना जो अपनी प्रतिभा ऑनलाइन के माध्यम से जूम ऑनलाइन क्लासेज इत्यादि के माध्यम से लोगों को शिक्षण दे सकते हैं. इसके महत्व के बारे में भी बताया कि यह एक नया प्लेटफार्म है जिससे युवा डिजिटल मोड में अपनी शिक्षण को आगे बढ़ा सकते हैं.

## नलिनी रमन ने सिल्ली अस्पताल में मरीजों के बीच किया फल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महिला मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नलिनी रमन राष्ट्रीय प्रवास कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल पहुंची जहां अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना एवं उनके बीच में फल का वितरण भी किया।बता दें कि नलिनी रमण तमिलनाडु की रहने वाली हैं अभी संगठन के निर्देश पर तीन दिन के झारखंड प्रवास पर हैं। प्रवास के क्रम में प्रथम दिन सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के कोटांगदाग एवं बुरूडीह गांव में जाकर स्थानीय लोग, महिला समूह के सदस्यों एवं ग्रामीणों के बीच जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर भी चर्चा किया। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। मोदी



सरकार में महिलाओं के मिल रहे अधिकार पर भी बातचीत की।उन्होंने 2024 में पुनः केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। इनके साथ महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता सुचिता सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा विनय महतो धीरज, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माधुरी देवी, महामंत्री रेखा देवी भी मौजूद थे। मौके पर मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, नूतन केसरी , महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा देवी, उषा देवी, गिरीवाला देवी बीना देवी, राजेश राय आदि मौजूद थे।

## बच्चों को अच्छा प्लेटफार्म देने में प्रशासन पुलिस करेगी हर संभव मदद : एसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, क्लाइमेट चेंज संबंधी सूचकांक को बेहतर करने की दिशा में कार्यरत स्वयंसेवी संस्था चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट ( सिनी) की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर सिनी द्वारा बुधवार को स्थानीय बिरसा मुंडा स्टेडियम में किशोरी सशक्तिकरण को लेकर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में पहला मुकाबला मुरहू प्रखंड के जोबे और बुरजू गांव के बीच हुआ, जिसमें बुरजू ने जोबे को एक गोल से हरा दिया। दूसरा मुकाबला सिलादोन पूर्वी और सिलादोन पश्चिमी के बीच खेला गया, जिसमे सिलादोन पश्चिमी ने सिलादोन पूर्वी को पैनल्टी शूट में 5-4 से हराया। फाइनल मुकाबला बुरजू और सिलादोन पश्चिमी के बीच हुआ, जिसमे बुरजू की टीम ने मैच की शुरुआत से आक्रमण खेल खेलते हुए सिलादोन पश्चिमी को 3-0 से शिकस्त देकर ट्राफी पर कब्जा जमाया।

इससे पहले समारोह का उद्घाटन करते हुए खूंटी के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने कहा कि किशोरी सशक्तीकरण को लेकर आयोजित आज का समारोह काफी महत्वपूर्ण है।ऐसे आयोजन आगे भी होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि खंटी की स्थिति अब पहले जैसी नहीं है, जिले से नक्सलवाद और अपराध का सफाया हो चुका है। पूरे जिले का माहौल बहुत अच्छा है। ऐसे में बच्चों को अच्छा प्लेटफार्म कैसे दिया जा सकता है, इसको लेकर प्रशासन और पुलिस मदद के लिए तैयार और तत्पर है। उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार ने कहा कि खूंटी हमेशा से ही खेल में आगे रहा है। यहां के कई खिलाड़ी देश-विदेश में जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। सिनी के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण या बच्चों संबंधित कोई कार्यक्रम करने की बात आती है, तो जिला प्रशासन सिनी की ओर ही देखता है। उन्होंने कहा कि सूदरवर्ती गांवों में जाकर बाल और महिलाओं के हित में कार्य करने की आवश्यता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि डालसा न्यायपालिक का वह चेहरा है, जो हमेशा अनाथ बच्चों, महिलाओं और समाज के गरीबों के हित में काम करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आप अपने अधिकार और कानूनी जागरूकता को लेकर सजग रहें। पुरस्कार वितरण अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने किया। मौके पर उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए है जीवन में कैसे सफलता पाई जा सकती है, इसको लेकर मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें श्रेष्ट प्रदर्शन करते रहना है, छोटी- छोटी सीढ़ियां चढ़ते हुए बड़ी मंजिल पाई जा सकती है।

## बेड़ो-लोहरदगा पथ पर गतिरोधक व प्रतीक चिन्ह निर्माण करने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के बेड़ो लोहरदगा सड़क पर कराँजी गांव में अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची को पत्र लिखकर गतिरोधक व प्रतीक चिन्ह निर्माण करने का मांग किया है। अंचलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को बतलाया कि 19 नवंबर को बेड़ो से लोहरदगा जाने वाली कालीकरण पथ पर कराँजी नरकोपी मोड़ के पास गाड़ी के तेज गति के कारण सड़क दुर्घटना हो गयी। जिसमें कई लोग घायल हो गये थे। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण काफी उग्र हो गये व रोड जाम करने की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसके बाद अधोहस्ताक्षरी एवं थाना प्रभारी बेड़ो द्वारा काफी समझा बुझा कर जनाक्रोशित ग्रामीणों को शांत किया। तत्पश्चात ग्रामीणों के द्वारा घटना स्थल पर गति अवरोधक और संकेत चिन्ह निर्माण करने संबंधी संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन अधोहस्ताक्षरी को समर्पित किया गया है। अंचलाधिकारी ने मांगपत्र की प्रतिलिपि अनुमण्डल पदाधिकारी सदर राँची,अपर समाहर्ता रांची और उपायुक्त रांची को भी समर्पित किया है। ज्ञात हो कि इस वर्ष कराँजी में सड़क दुर्घटना से पांच लोगों की मौत और कई लोग घायल हुए हैं। 9 मार्च को कराँजी गांव के समीप दिघिया मिशन के पास बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर टाटा सुमो के चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक में अमित तिर्की, गांव कराँजी, थाना बेड़ो निवासी और पिंटू उरांव, तुरिअम्बा थाना भरनो, जिला गुमला निवासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। एक अन्य युवक घायल हो गया था 13 जून को करांजी पेट्रोल पंप के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर बाईक और साईकल की टक्कर में दो की मौत हो गई थी। मृतक बाईक सवार विश्वनाथ उरांव खिरदा गांव निवासी था। वहीं साईकल सवार झलरु उरांव करांजी गांव निवासी था। मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया था। 28 अक्टूबर को कराँजी गांव से सटे दिघिया में बेड़ो लोहरदगा सड़क पर पैदल जा रहे गोपाल भगत को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ही मौत हो गई थी। मृतक गोपाल भगत दिघिया गांव का निवासी थे। 28 नवंबर को कराँजी गांव के खत्री खटंगा मोड़ के समीप दो मोटरसाइकिल के टक्कर से चार युवक घायल हो गये। जिसमें आशिष उराँव 27 वर्ष, आर्यन उराँव 15 वर्ष, अमिश बड़ाईक 12 वर्ष और बबलु उर्फ जमील खान 37 वर्ष को घायल हो गये थे।

## असंगठित मजदूरों के हित में किया जाएगा बड़ा आंदोलन : अब्दुल्ला

**खलारी :** खलारी कोयलांचल के असंगठित मजदूरों की एक बैठक खलारी में हुई. अध्यक्षता वेदप्रकाश पांडेय ने किया. बैठक में उपस्थित मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि देश के विकास के लिए मजदूर रात दिन मेहनत करते हैं.

असंगठित मजदूर भी संगठित मजदूरों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते है .कहा कि कोयला उत्पादन में असंगठित मजदूरों का भी बहुत बड़ा सहयोग रहता है परंतु उनको सुबिधा के नाम पर कुछ नही दिया जाता है. कंपनी और उसका प्रबंधन मजदूरों का शोषण करते हैं. सीसीएल क्षेत्र की ज्यादातर आउटसोर्सिंग कंपनियां मजदूरों को कोल इंडिया द्वारा निर्धारित वेतनमान भी नहीं देती है.काफी दिन से बोनस नही दिया जा रहा है. निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है. न मेडिकल सुविधा मिलता है न ही अन्य सुविधाएं. कहा कि अब यह नहीं चलेगा. अब्दुल्ला ने कहा कि वे जल्द ही उनके व पिपरवार क्षेत्र के असंगठित मजदूरों को एकजुट कर उनका हक दिलाने के लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा.


**OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES GOVT. OF JHAKRHAND**

**NOTICE INVITING PROPOSAL**

**Ref. No.: 2899, Dated : 19-12-2023**

**National Competitive Bidding**

The Registrar, Co-operative Societies, Jharkhand hereby invites Technical and Financial Proposal through e-procurement portal from eligible, competent and experienced agencies / firms for the work mentioned below. The RFP document can be viewed and downloaded from www.cooperative.jharkhand.gov.in or https://jharkhandtenders.gov.in.

| S. No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Conversion (including Design, Supply, Installation, Commissioning and Maintenance) of existing Pre-fabricated 30 MT Cold Rooms in to Solar Operated Cold Storage with Five Years onsite warranty in different districts of Jharkhand State |
| 2 | Mode of Application | Online |
| 3 | Duration of work | 5 Years |
| 4 | Date of publication of RFP | 20-12-2023 |
| 5 | Start date of downloading of RFP document | 20-12-2023 |
| 6 | Last date for submission of pre-application queries | 02-01-2024 |
| 7 | Date & Time of Pre-application meeting | 02-01-2024, 03:00 PM |
| 9 | Last date and time for submission of RFP Fee and EMD | 08-01-2024 & 06:00 PM |
| 10 | Last date and time of submission of technical and financial bid | 08-01-2024 & 06:00 PM |
| 11 | Date and time for opening of technical bid | 09-01-2024 |
| 12 | Application fee (Non-refundable) | Rs. 5000.00 to be submitted in online mode |
| 13 | Ernest Money Deposit | Rs.1000000.00 to be submitted in online mode |
| 14 | Venue for Pre-bid Conference/Bid Opening | Office of the Registrar, Co-operative Societies, 3rd Floor, Pashupalan And Sahkarita Bhawan, Hesag, Hatia, Ranchi-834003. |
| 15 | Contact person and contact no. | Shri Kumud Kumar, Assistant Registrar, Co-operative Societies, Jharkhand. Phone No.-9939103083 |

The Office of the Registrar, Co-operative Societies, Jharkhand shall not be liable for any omission, mistake or error in respect of any of the above or on account of any matter or thing arising out of or concerning or relating to the RFP or the Bidding Process, including any error or mistake therein or in any information or data given by the Authority.
The Office of the Registrar, Co-operative Societies, Jharkhand reserves the right to reject all or any of the bid(s) without assigning any reason at any stage. No correspondence will be entertained on this account.
The Office of the Registrar, Co-operative Societies, Jharkhand reserves the right to change any or all of the provisions of this Offer Document before date of submission. The prospective bidders shall note that any corrigendum issued regarding this bid notice/RFP will be published on the portal only. No corrigendum will be published in the local newspapers.

Sd/-
Deputy Registrar
Co-operative Societies, Jharkhand.

PR 313856 (Co-opretive)23-24*D



**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**

**जिला नियोजनालय, लातेहार**

सुनहरा अवसर सुनहरा अवार — सुनहरा अवसर सुनहरा अवार

**रिक्ति की सूचना**

एक दिवसीय रोजगार मेला / Placement Drive – 2023 — दिनांक: 22/12/2023

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक : 22.12.2023 दिन शुक्रवार को पूर्वाहन् 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला 2023 का आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification: Essential | Qualification: Desirable | Experience | Age | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | IIFL SAMASTA FINANCE LIMITED | CUSTOMER RELATIONSHIP OFFICER | 100 | 12TH | NA | FRESHER | 18-30 | 13000 |
| 02 | MILLENNIUM SKILL BY G4S | SECURITY GUARD | 500 | 10TH | - | - | 18-40 | 14000-21000 |
| 03 | PRANABNAMAN MINERLAS PVT LTD | SAOES EXECITIVE | 04 | GRADUATE | MBA IN MARKETING | 2-4 YEARS | 23-30 | 15000-25000 |
| | | ACCOUNTANT | 02 | GRADUATE | - | 3-5 YEARS | 23-30 | 15000-23000 |
| 04 | INDIGO SECURITY FORCE | SECURITY GUARD | 10 | 10TH | - | - | 21-40 | 8000-10000 |
| | | SUPERVISOR | 02 | 12TH | - | - | 21-35 | 10000-15000 |
| | | COOK | 01 | 10TH | - | - | 21-35 | 8000-10000 |
| | | LADIES GUARD | 02 | 10TH | - | - | 21-35 | 8000-10000 |
| | | HOTEL RECEPTIONIST | 02 | 12TH | - | - | 21-35 | 8000-10000 |
| 05 | EDIQUE SOLUTIONS PVT.LTD | ICT INSTRUCTORS | 11 | MCA/BCA/B.SC. IT/ B.E/ B.TECH/ M.TECHI | NA | - | 20-40 | 10000 CTC PER |
| 06 | TRACKS & TOWERS INFRATECH (P) LTD | AUTOCAD ENGINEER | 01 | AUTOCAR ENGINEER | NA | - | 30-35 | 25000 |
| | | P-WAY ENGINEER | 02 | B.TECH (CIVIL) | NA | - | 30-35 | 22000 |
| 07 | LIC OF INDIA | AGENT | 10 | 10TH | NA | - | 18-25 | AS PERFORMONCE |
| 08 | SGRS ACADEMIC PVT.LTD | ASSISTANT ELECTRICIAN TRAINER | 04 | 12TH/ITI/B.E/B.TECH/ | NA | 3/4/5/2 | 21 Above | 15100-18000 |
| | | SET/SMO TRAINER | 16 | 10TH/ITI/GRADUATE | NA | 2/6/2/2/4 | 21 Above | 15100-18000 |
| | | IT TRAINER CUM MIS | 01 | B.SC/IT/B.C.A | NA | 1 | 21 Above | 15000-18000 |
| | | FITTER FABRICATION TRANER | 02 | ITI | NA | 2 | 21 Above | 16000-19000 |
| 09 | | | | | | | | |
| 10 | AIM HIGH HR SOLUTION | PRODUCTION ASSEMBLY LINE | 100 | 10TH | | FRESHER | 18-30 | 12000-16000 |
| | | OPERATOR ASSEMBLY LINE | 120 | 10TH | NA | FRESHER FEMALE | 18-26 | 12000-15500 |
| 11 | AWANISH KUMAR PANDEY | PLUMBER | 50 | 10TH | 12TH | NA | 18-35 | 12000-16000 |
| | | ELECTRICIAN | 50 | 10TH | 12TH | NA | 18-35 | 12000-16000 |
| | | GWS | 50 | 10TH | 12TH | NA | 18-35 | 12000-16000 |
| 12 | INDIAN INSTITUTE OF SKILL | TRANEE | 100 | 10TH | - | NA | 18-20 | MINIMUM 50% |
| 13 | VISION INDIA | PRODUCTION ASSOCIATE | 200 | ITI DIPLOMA | | FRESHER | 18-25 | 21000 |
| | | PRODUCTION ASSOCIATE | 200 | 10TH | | FRESHER | 18-25 | 13350 |
| | | PRODUCTION ASSOCIATE | 150 | ITI DIPLOMA | | FRESHER | 18-25 | 21000 |
| | | | 150 | 12TH B.SC | | FRESHER | 18-30 | 1.50 lakh perannum |
| | | | 250 | ITI | | FRESHER | 18-28 | 1.50 lakh perannum |
| | | | 100 | 10TH, 12TH, ITI | | FRESHER | 18-27 | 10672 |
| | | | 100 | 10TH, 12TH | | FRESHER | 18-21 | 13467 |
| | | | 30 | ITI DIPLOMA | | FRESHER | 18-24 | 12470 |
| 14 | PREJHA FOUNDATION | MASON TILES | 50 | 5TH | 10TH | NA | 18-30 | 17000 |
| | | MOBILIE ASSEMBLY | 100 | 10TH | 12TH | NA | 18-27 | 15000 |
| | | AUTOMATIVE MACHINE OPERATO | 50 | 10TH | 12TH | NA | 18-27 | 14000 |
| | | SMO | 50 | 7TH | 10TH | NA | 18-27 | 10000 |
| 15 | VPR BGR PLR Consrtium Magadh OCP CCL | Helper | 05 | 1oth | 10th | - | 18-30 | 7000+Food+ Accomodation |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा (2 कॉपी) , नियोजनालय का निबंधन कार्ड व स्थानीय निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र का छाया प्रति के साथ उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है। इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा। उक्त मेले में कोविड–19 के नियमों (SOP) का दृढ़ता पुर्वक अनुपालन किया जाएगा।

नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in /जिला नियोजनालय, लातेहार के सूचना पठ पर देखी जा सकती है।

आपके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओं के साथ

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 313874 Labour Employment and Traning (23-24)_D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## दर्जनों सबर परिवारों को झामुमो नेता ने दिया कंबल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो के वरिष्ठ नेता सह जुगसालाई के पूर्व प्रत्याशी हरि मुखी ने बुधवार को पटमदा प्रखंड अंतर्गत धुसरा गांव के डोगागरल टोला में 2 दर्जन परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके से हरि मुखी ने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि यहां के आदिम जनजाति परिवार के लोग गरीबी के कारण शीतलहरी के इस मौसम में ठंड से ठिठुर रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा गांव में मौजूद जलमीनार के पिछले 6 माह से खराब होने की शिकायत करने पर मुखी ने बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज से दूरभाष पर बात करते हुए जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की। इस दौरान उनके साथ पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह झामुमो नेता शिवराम दास, रजनीकांत सिंह, आंगनबाड़ी सेविका सविता सिंह, सुबोध तंतुबाई, गोपाल तंतुबाई, सुरुवाली तंतुबाई, दुर्गामणि सबर, सारथी सबर एवं प्रथमी सबर आदि मौजूद थे।

## सोनारी में 21वां श्याम महोत्सव आज, निकलेगी निशान यात्रा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार 21 दिसंबर को श्री श्याम सेवा संघ सोनारी द्वारा आयोजित होने वाले 21वां महोत्सव की सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। सोनारी जूनियर कारमेल स्कूल के पीछे मैदान (महोत्सव स्थल) मे भजनो की अमृत वर्षा के लिए राजस्थानी धमालो के लिए प्रसिद्ध विवेक शर्मा जीतू (कोलकाता) एवं रोमा निषाद (प्रयागराज) से बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने आ रहे हैं। साथ ही स्थानीय भजन गायक महाबीर अग्रवाल भी मंच संचालन करते हुए अपनी हाजिरी बाबा के दरबार में लगायेंगें। गुरूवार की संध्या 08.30 बजे से देर रात भजनों की अमृत वर्षा होगी। इससे पहले दोपहर 12.30 बजे से सोनारी राम मंदिर से महोत्सव स्थल तक निशान यात्रा निकलेगी। श्याम भक्तों के विशेष अनुरोध पर बाबा श्याम के प्रिय सूरजगढ निशान (दिब्य निशान) को लेकर कपिल इंदौरिया अपने पुरी मण्डली के साथ पहली बार जमशेदपुर की धरती पर गुरूवार को पधार रहे हैं। यह जानकारी श्याम सेवा संघ सोनारी के अध्यक्ष अशोक दीवान ने दी।

## भाजपा नेता ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड के चौके गाड़िया गांव में बुधवार को भाजपा नेता विनोद राय ने 100 जरूरतमंदों में बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया। वहीं उन्होंने ग्रामीणों का समस्याओं से भी अवगत हुए। उन्होंने बुजुर्ग महिलाओं जो वृद्धा पेंशन से वंचित है, उनकी समस्याओं को सुना व जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। मौके पर मुखिया रामबालक सिंह मुंडा, सुधीर सिंह मुंडा, सुग्रीव महतो, नीधु कुमार, सुमन पोदार विष्णु कुमार एवं चंद्रशेखर सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे ।

## समाजसेवी खगेन महतो के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडू प्रखण्ड के जानुम गांव में पिछले 1 महीनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को समाजसेवी खगेन महतो ने बिजली विभाग से सम्पर्क कर नया ट्रांस्फार्मर लगवाया। वहीं समाज सेवी खगेन महतो ने बताया कि उसे ग्रामीणों द्वारा सूचना दिया गया कि 1 महिने से ट्रांस्फार्मर खराब है। क्षेत्र में हाथियों का झुंड विचलन कर रहा है और लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सुचना मिलते ही तत्काल संज्ञान में लेकर 24 घंटा के अंदर ट्रांसफार्मर बदल कर बिजली आपूर्ति चालू कराया गया। मौके पर ग्राम प्रधान रमाकांत महतो,पतीलाल महतो, मृत्युंजय महतो,सुदीप महतो, राकेश महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सन्तमत आश्रम धिराजगंज में दो दिवसीय सत्संग का आयोजन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत सद्गुरु महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज के 8वी जयंती के अवसर पर सन्तमत आश्रम धिराजगंज में दो दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल में सर्वप्रथम परमहंस जी महाराज की तस्वीर के साथ प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें काफी संख्या में पुरुष व महिलाएं शामिल हुए। तत्पश्चात, भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। दोपहर में सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से पूज्य श्री बालयोगी आशीष आनंद जी महाराज को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म 84 लाख योनियों के बाद बड़ी ही मुश्किल से प्राप्त होता है। अतः इस जन्म को व्यर्थ ना जानें दे। इस मौके पर भव्य भंडारा का आयोजन भी किया गया। इसके आयोजन में संतमत सत्संग समिति के अध्यक्ष कमलेश शर्मा अध्यक्ष, मंत्री रमण कुमार लाभ,अनिल शर्मा, नंदू भगत, राम किशोर शर्मा, उमेश प्रसाद सिंह, संजय प्रसाद समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा।

# टाटा स्टील ग्रुप एंड पीजीटीआई टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप आज से शुरू

**सीज़न के अंत में 75 पेशेवरों के विशिष्ट क्षेत्र को प्रदर्शित करने वाला कार्यक्रम**

**ऑफर पर 3 करोड़ रुपये का पुरस्कार पर्स**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ग्रुप और पीजीटीआई 21 से 24 दिसंबर, 2023 तक जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे। टूर्नामेंट में 3 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें 75 पेशेवरों का एक विशिष्ट क्षेत्र होगा। टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2023 टाटा स्टील पीजीटीआई सीज़न का सीज़न-एंडिंग इवेंट है। टूर्नामेंट 72-होल स्ट्रोक-प्ले चैंपियनशिप है और इसमें कोई कटौती लागू नहीं होगी। सभी प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार राशि की गारंटी है। टूर्नामेंट से पहले प्रो-एम इवेंट 19 दिसंबर को खेला गया था। टूर्नामेंट में भारतीय गोल्फ के कुछ सबसे बड़े नाम जैसे गगनजीत भुल्लर (2020 चैंपियन), एसएसपी चौरसिया, 2022 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन मनु गंडास, गत चैंपियन चिक्कारंगप्पा एस, 2023 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर ओम प्रकाश चौहान, करणदीप कोचर और वीर अहलावत है। यह टूर्नामेंट 2023 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन का फैसला करेगा, एक ऐसी दौड़ जिसमें करीबी मुकाबला होने की संभावना है। 2023 पीजीटीआई नंबर 1, 2024 सीज़न के लिए डीपी वर्ल्ड टूर पर पूर्ण कार्ड अर्जित करेगा। टाटा स्टील के रॉ मटेरियल डिवीजन के उपाध्यक्ष सह जमशेदपुर गोल्फ कैप्टन डी बी सुंदर रामम ने कहा, जमशेदपुर आगामी टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप के लिए उत्साह से भरा हुआ है। हम इन शीर्ष स्तरीय खिलाड़ियों की मेजबानी करने और शहर के जीवंत गोल्फ़िंग दृश्य को दुनिया के सामने पेश करने में गर्व महसूस करते हैं। पीजीटीआई के सीईओ उत्तम सिंह मुंडी ने कहा, टाटा स्टील और पीजीटीआई के बीच लंबे समय से जुड़ाव रहा है और हम शुरुआत से ही पीजीटीआई के लिए समर्थन का स्तंभ बने रहने के लिए टाटा स्टील को धन्यवाद देते हैं। पुरस्कार वितरण समारोह रविवार 24 दिसंबर को बेल्डीह गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा।

## शहीद निर्मल महतो जयंती समारोह को लेकर डीसी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहीद निर्मल महतो की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को कदमा के उलियान स्थित समाधि स्थल में सभा आयोजित है। इसी क्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभा स्थल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा किया । मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, डीसीएलआर रविन्द्र गागाराई, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, तकनीकी विभागों के अभियंता व अन्य उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने मौके पर आयोजकों से कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी ली। सभा में आने वाले आगंतुकों के संबंध में चर्चा की गयी। क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उलियान स्थित समाधि स्थल की साफ- सफाई, सौंदर्यीकरण, माल्यार्पण स्थल पर स्टेज निर्माण व मुख्य सभा स्थल पर मंच निर्माण की जांच को लेकर जरूरी निर्देश दिये। सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए भी सभी एहतियातन कदम उठाने का निर्देश दिया गया । आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, बैरिकेडिंग आदि की भी समीक्षा कर सभी को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया।

## पुलिस ने जमशेदपुर गोलीकांड के आरोपी कादिर के घर की कुर्की जब्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नीमडीह :** जमशेदपुर के मानगो थाना एवं नीमडीह थाना की पुलिस टीम के द्वारा जमशेदपुर गोलीकांड के आरोपी नीमडीह थाना अंतर्गत सिंदूरपुर गांव में कादिर के घर कुर्की जब्ती किया। बता दें कि 8 दिसंबर को मानगो में अपराधी सज्जाद उर्फ टांडा को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या की थी। अपराधियों को पकड़ने गए टाईगर मोबाइल के जवान रामदेव महतो को भी अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में चौड़ा राजू, मोइन, कादिर समेत अन्य पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## करीम सिटी कॉलेज में आयोजित भारतीय भाषा दिवस में शामिल हुई मॉरीशस की डॉ. सरिता बुधू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** हिंदी विभाग करीम सिटी कॉलेज में के तत्वावधान में आज सी सुब्रह्मण्यम भारती के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय भाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदी प्रतिष्ठा के विद्यार्थियों ने सी सुब्रह्मण्यम भारती की तमिल कविताओं के हिंदी अनुवाद का पाठ किया। कविता पाठ सुशांत, अनीश, पूजा, मारिया, शाश्वत, रामानंद, परवीन, मनीष, राहिल, राज, राहुल, खुशबू आदि विद्यार्थियों ने कुशलता पूर्वक किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मॉरीशस से आई डॉ सरिता बुधू, अध्यक्ष, भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन, रहीं। उन्होंने भारतीय भाषाओं में विविधता के सौंदर्य को उकेरते हुए भारत की प्रत्येक भाषा का उत्थान करने पर बल दिया । कार्यक्रम का संचालन छात्र सुशांत बोबोंगा तथा धन्यवाद ज्ञापन छात्रा खुशबू ने किया। इस अवसर पर कॉलेज की ओर से डॉ सरिता बुधू को शॉल और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## चुनाशाह बाबा के उर्स मुबारक पर कांग्रेस नेता धर्मेंद्र सोनकर ने किया लंगर व कंबल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बुधवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के ज़िला कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के द्वारा बिस्टूपुर में चुनाशाह बाबा के 53वां सालाना उर्स मुबारक के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु के बीच लंगर एवं कंबल वितरण किया गया। धर्मेंद्र सोनकर ने चुना शाह बाबा के दरगाह पर चादर पोशी कर कहा कहा कि कई वर्षों से हमारे परिवार द्वारा लंगर वितरण किया जाता है एवम जमशेदपुर में ठंड के कहर को देखते हुए कंबल वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में बबलू झा, रईस रिजवी छब्बन, शशि भूषण प्रसाद, सुल्तान अहमद, अमित दुबे, आदित्य उज्जैन, आशीष ठाकुर, बादशाह खान, चंदन यादव, अखिलेश, विजय, अमन, लाडला, शमीम गद्दी, अनिल, महावीर, ब्रजेश सिंह, बीजू नाथ, करण एवम अन्य शामिल हुए।

## दो दिवसीय प्रवास के दौरान राष्ट्रीय मंत्री ने किया घाटशिला अनुमंडल अस्पताल का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**घाटशिला :** दो दिवसीय प्रवास के दौरान मंगलवार को महिला मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री यशोधरा गुडबोले ने घाटशिला अनुमंडल अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुपोषण उपचार केंद्र, महिला वार्ड एवं टीवी मरीज के बीच कंबल फल बिस्कुट इत्यादि सामानों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अनुमंडल अस्पताल बाहर से देखने में काफी सुंदर है पर उतना ही अस्पताल के अंदर की विपरीत स्थिति है। उन्होंने कहा कि इस अनुमंडल अस्पताल में अन्य चिकित्सको समेत स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला डॉक्टर की काफी आवश्यकता है। इससे पूर्व उन्होंने अपनी महिला साथियों के साथ आईसीसी मऊभंडार कंपनी के समीप स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह, जिला पार्षद सह भाजपा नेत्री देवयानी मुर्मू, समाजसेवी सह भाजपा नेत्री डॉ सुनीता देबदूत सोरेन, झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सह जिला प्रभारी लकी सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माला डे, डुमरिया मंडल अध्यक्ष बेहुला नायक, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सुनीता त्यागी, निमा राजक, सुष्मिता मल्लू, अर्चना सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थी।

## विधायक सविता महतो ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपकर किया चांडिल डैम के विस्थापितो का पुनर्वास के लिए अनुदान का मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चांडिल :** शीतकालीन सत्र के दौरान झारखंड विधानसभा परिसर में बुधवार को ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मांग पत्र सौंपकर स्वर्णरेखा परियोजना चांडिल बांध के विस्थापितो का पुनर्वास हेतु अनुदान तथा आरएल 180 मीटर तक ही जल भंडारण रखने का मांग किया। विधायक ने पत्र में कहा स्वर्णरेखा परियोजना अंतर्गत चांडिल बांध निर्माण से हुए विस्थापितों को पुनर्वास एवं अन्य सभी सुविधा मुहैया कराने हेतु सरकार प्रयत्नशील है। परंतु स्वर्णरेखा परियोजना चांडिल बांध से प्रभावित विस्थापितो का देय पुनर्वास अनुदान राशि आवंटन के अभाव के कारण करीब दस महीने से भुगतान लंबित है। जिस कारण विस्थापितों में घर आक्रोश व्याप्त है। पुनर्वास कार्यालय चांडिल द्वारा राशि आवंटन अधियाचना दो से तीन बार विभागीय स्तर से जल संसाधन विभाग रांची को पृष्ठांकित किया गया है। उन्होंने कहा है कि सदन में शून्यकाल के माध्यम से भी उक्त हेतु राशि अधियाचना कर चुकीं हूँ। परन्तु आज तक मेरे विधानसभा क्षेत्र के सभी विस्थापितों का संपूर्ण पुनर्वास की देय मुआवजा राशि अनुपलब्ध है साथ ही बांध के जल भंडारण की क्षमता 180 आर एल मीटर रखने का मांग किया है। साथ ही विधायक सविता महतो ने संपूर्ण विस्थापितों को सभी पुनर्वास सुविधा मुहैया कराने के लिए पुनर्वास अनुदान की राशि लगभग 55 करोड़ इसी वित्तीय वर्ष में उपलब्ध कराने का मांग किया है।

## अबुआ आवास योजना के लिए लावा में 16 व षड़ंगीडीह में 42 परिवारों का हुआ जियो टैगिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत लावा पंचायत के लावा खास बस्ती में बुधवार को रोजगार सेवक काजल राणा ने 16 आवास का जियो टैगिंग किया। मौके पर ग्राम प्रधान सह पंसस बृंदावन दास, वार्ड सदस्य लक्खी कुम्हारिन आदि मौजूद थे। इस संबंध में बृंदावन दास ने बताया कि गांव में अब भी काफी संख्या में लोग आवास योजना से वंचित रह गए हैं। दूसरी ओर कमलपुर पंचायत अंतर्गत षड़ंगीडीह गांव में जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो व मुखिया जामिनी बेसरा की उपस्थिति में रोजगार सेवक घासीराम महतो व पीएम आवास कॉर्डिनेटर ने 42 आवास का जियो टैगिंग किया गया।

## राजनगर में अबुवा आवास का सर्वे शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** प्रखंड क्षेत्र में चल रहे आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों द्वारा अबुआ आवास के प्राप्त आवेदनो का पंचायतों टीम द्वारा सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। इस टीम में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, संबंधित पंचायत के मुखिया व पंचायत समिति को रखा गया है. इसी के तहत बुधवार को राजनगर पंचायत के विभिन्न गांवों में सर्वे किया गया. इसमें मुखिया राजो टुडू, पंचायत समिति सदस्य रविन्द्र महतो, पंचायत सचिव संतोष महतो, रोजगार सेवक सुनीता महतो द्वारा सर्वे किया गया. सर्वे के क्रम में प्राप्त आवेदन के मुताबिक हर पहलुओं को निष्पक्षता पुर्ण देख रहें हैं तथा योग्य लाभुकों चयन किया जा रहा है. चयन लाभुकों का आवास भी बहुत जल्द बनना शुरू हो जायेगा।

## बिस्टुपुर राजस्थान भवन में धूमधाम से मना कालका माता का जन्मोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** बुधवार की शाम को बिष्टुपुर राजस्थान भवन में श्री महाकाली शक्तिपीठ अमरसर धाम वाली कुलदेवी श्री कालका मातारानी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री कालका माता परिवार टाटानगर द्वारा आयोजित हुए इस धार्मिक महोत्सव में श्री गणेश वंदना के साथ भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ जो देर रात तक चलते रहा। इससे पहले संध्या 4.30 बजे से कालका माता की पूजा अर्चना शुरू हुई। सुमन-गांविंद नागेलिया ने पूजा की और बलराम पंडित ने पूजा करायी तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा। महोत्सव में सभी महिलाएं चुंदड़ी ओढ़े व राजस्थानी परिधान में थीं। स्थानीय भजन गायिका प्रीती शर्मा ने भजनों और मंगल पाठ से माता रानी को रिझाया। माता के चरणों में मंगलपाठ का वाचन के साथ ही भजनों की प्रस्तुति के दौरान माता परिवार के बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भजनों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गयी, जिसने सबका मन मोहा।

**जुस्को स्कूल साउथ पार्क सीनियर स्कूल का वार्षिक खेलकूद दिवस रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न**

## वायु हाउस बना ओवरऑल चैंपियन व अग्नि हाउस ने जीता सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट ट्रॉफी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने आज जुस्को स्कूल साइंस पार्क मैदान में अपना 19वां वार्षिक खेलकूद दिवस (सीनियर स्कूल) आयोजित किया। इसमें कक्षा 4 से कक्षा 12 तक के लगभग 1000 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर एडवेंचर प्रोग्राम एंड स्पोर्ट्स एकेडमी टाटा स्टील के प्रमुख हेमंत गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जेईएम फाउंडेशन के प्रशासक ए.एफ मैडन भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने माता-पिता, कर्मचारियों और छात्रों को उनके योगदान और उत्साह के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अग्नि, पृथ्वी, वायु, जल और आकाश सदनों का प्रतिनिधित्व करने वाले कक्षा 9 और 11 के छात्रों के मार्चपास्ट के साथ हुई। इसके बाद कक्षा 4 से 6 के छात्रों द्वारा रंगारंग ड्रिल प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि ने क्रिकेट, तायक्वोंडो, तीरंदाजी, योग, टेबलटेनिस और शतरंज में सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल करने वालों छात्र को सम्मानित किया। वायु हाउस को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया और अग्नि हाउस ने सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट की ट्रॉफी जीती।

**विभिन्न वर्गों के सर्वश्रेष्ठ एथलीट इस प्रकार हैं:** सीनियर सेकेंडरी (बालक)-आदित्य कुमार सिंह, सीनियर सेकेंडरी (बालिका)-स्वेता कुमारी, जूनियर (बालक) - निखिल मित्तल, जूनियर (बालिका) - बबलप्रीत कौर और रितिका कुंडू, सब जूनियर (बालक) - राजवीर महतो, सब जूनियर (बालिका) - पलक कुमारी

# शिवराज का केंद्र में जाना तय

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही केंद्र की राजनीति में सक्रिय दिखेंगे। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के नतीजे तीन दिसंबर को घोषित हुए थे। उसके बाद पहली बार शिवराज दिल्ली में आकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले। उन्होंने साफ कहा कि वह केंद्र और राज्य की राजनीति करते रहेंगे।एमपी में 230 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा ने 163 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। 11 दिसंबर को विधायक दल की बैठक में मोहन यादव को नेता चुना गया और उन्होंने दो उपमुख्यमंत्रियों-राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा के साथ शपथ लेकर काम शुरू कर दिया। अब तक पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज के भविष्य को लेकर तमाम अटकलें लग रही थी। 2018 में जब भाजपा को चुनावों में हार मिली थी तब शिवराज को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाकर सदस्यता अभियान का प्रभार सौंपा गया था। इस बार भी चर्चा है कि उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। इसके अलावा यह भी चर्चा है कि शिवराज को केंद्रीय कृषि मंत्री बनाया जा सकता है। उनके नेतृत्व में मध्य प्रदेश ने कृषि में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा पूर्व कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर अब मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्य बन चुके हैं।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद शिवराज ने कहा कि कार्यकर्ता के नाते मेरे लिए पार्टी जो भी भूमिका तय करेगी, वह काम मैं करूंगा। शिवराज ने कहा कि हम राज्य में रहेंगे और केंद्र में भी। मैं अपने बारे में नहीं सोचता। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जो भी भूमिका पार्टी तय करेगी, वह काम करूंगा। शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव के नतीजों के बाद भी ग्वालियर में जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। अब वे दिल्ली आकर इनसे मिले। पिछले दिनों उन्होंने यह कहा था कि मैं अपने लिए कुछ भी मांगने के लिए दिल्ली नहीं जाऊंगा। अपने लिए कुछ मांगने से बेहतर मैं मर जाना पसंद करूंगा। इस बयान के कई मायने निकाले गए थे। नतीजों के बाद शिवराज पहली बार दिल्ली आए, तो उसकी रूपरेखा पहले से तय थी। नड्डा से मुलाकात के बाद उनकी बॉडी लैंग्वेज भी बदली-बदली सी दिखी। जानकारी के अनुसार शिवराज को केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। इसकी सूचना उन्हें दे दी गई है। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद से शिवराज जहां जा रहे हैं, वहां महिलाएं उन्हें बड़ी संख्या में घेर रही है। सीहोर, विदिशा समेत अन्य स्थानों पर महिलाओं ने उन्हें घेरा और रोते-रोते उनसे वापस लौटने का आग्रह किया। एक-दो जगहों पर तो शिवराज भी रोते देखे गए। शिवराज ने कहा कि बहन-भाई का प्यार अमर है। उसका किसी पद से कोई संबंध नहीं है। शिवराज ने स्वीकार किया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के दौरान उनके भविष्य पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भेंट किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते उनके नेतृत्व में हम काम करते हैं। वह मार्गदर्शक भी हैं और मेरे मित्र भी। युवा मोर्चा में जब वह राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब मैं राष्ट्रीय सचिव था। लंबे समय तक हम लोगों ने साथ काम किया है। अगले काम के बारे में भी उन्होंने मुझसे चर्चा की है। फिलहाल मैं विकसित भारत संकल्प यात्रा में मेरे जो कार्यक्रम बनेंगे और उनमें मैं जाऊंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन को कैसे आगे बढ़ा पाऊं, इस काम में मैं निरंतर लगा रहूंगा। अभी हाल ही में संपन्न हुए एमपी चुनाव में शिवराज की बड़ी भूमिका रही है। यह चुनाव भाजपा के लिए जीवन मरण का सवाल हो गया था। पार्टी ने यहां अपनी पूरी ताकत झोंक रखी थी। पीएम मोदी ने भी खूब पसीना बहाया। एमपी के इस चुनाव में शिवराज द्वारा महिलाओं के लिए शुरू किए गए लाडली बहन योजना काफी काम किया। इस योजना से खुश होकर महिलाओं ने बीजेपी के पक्ष में बंपर वोटिंग किया। बीजेपी के बड़े नेता भी इस योजना को गेम चेंजर मानने लगे थे। राज्य में प्रचार का लाडली बहन योजना एक माध्यम बन गया था। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने भी इस योजना का प्रचार किया। शिवराज ने तो यहां तक कह दिया था कि अगर राज्य में उनकी सरकार फिर से बनती है तो लाडली बहना योजना की रकम 1250 रुपये से बढ़ाकर 3000 कर दिया जाएगा। दरअसल, बीजेपी इस योजना के सहारे महिला वोटों को साधने में जुटी थी। मध्य प्रदेश की 230 सीटों में 18 ऐसी सीटें हैं जहां महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। यानी यहां महिलाएं निर्णायक वोटर्स की भूमिका में हैं। साथ ही इस चुनाव में लगभग 13.39 लाख नए वोटर जुड़े। जिनमें 7 लाख से ज्यादा महिलाएं थीं। चुनाव से पहले बीजेपी ने महिला वोटरों तक सीधे पहुंचने की कोशिश की। जिसका फायदा बीजेपी को मिला भी। एमपी में लाडली बहना योजना की शुरुआत मार्च में हुई थी। जून के महीने से लाडली बहनों के खाते में एक-एक हजार रुपए आने लगे थे। अक्टूबर से यह राशि बढ़ाकर 1250 रुपए कर दी गई। अभी पूरे प्रदेश में लाडली बहना योजना की 1.32 करोड़ लाभार्थी हैं।सीएम शिवराज सिंह चौहान यह मानते हैं कि लाड़ली बहना योजना की वजह से ही प्रदेश में वापस सरकार आई है। उन्होंने प्रदेश में वोटिंग के बाद भी कहा था कि लाडली बहनों ने सारे कांटे निकाल दिए हैं। इसके साथ ही उनकी जीत के बाद हजारों की संख्या में लाडली बहनें उन्हें बधाई देने पहुंची थीं। केंद्रीय नेतृत्व भी एमपी चुनाव में शिवराज की भूमिका को अहम मानता है। यही कारण है कि उन्हें केंद्र में लाकर पद और प्रतिष्ठा देने की कवायद की जा रही है।

### सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी

# विधानसभा चुनावों की तरह ही लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार बनेगा सबसे बड़ा मुद्दा

डॉ. आशीष वशिष्ठ

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है। पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर जबरदस्त वार किया गया था। दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ और अधिक सख्ती से पेश आ रही है। इस साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बुराइयों के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया था, जिनका देश सामना कर रहा है– भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। अब बीती 8 दिसंबर को किया गया एक्स पर उनका पोस्ट देखिए, जनता से जो लूटा है, उसकी पाई–पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।

इन दिनों सोशल मीडिया पर नोटों से भरी अलमारियों की कुछ तस्वीरों खूब वायरल हो रही हैं, जिनका संबंध कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू से है। धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी की खबरें सुर्खियों में रहीं। ये छापेमारी झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 9 ठिकानों पर हुईं। आयकर विभाग की इस छापेमारी में अब तक 351 करोड़ रुपए मिले हैं। साहू के ठिकानों में मिले बेहिसाब धनराशि ने फिर से एक बार देश में भ्रष्टाचार और कालेधन को लेकर बहस छेड़ दी है। इस मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर लगातार तंज कस रही है। राजनीति से इतर ये प्रकरण एक गंभीर मामला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है। पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर जबरदस्त वार किया गया था। दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ और अधिक सख्ती से पेश आ रही है। इस साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बुराइयों के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया था, जिनका देश सामना कर रहा है- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। अब बीती 8 दिसंबर को किया गया एक्स पर उनका पोस्ट देखिए, जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐलान-ए-जंग कर 2024 से पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन के खिलाफ जबरदस्त प्रहार किया है। इस तरह उन्होंने लोकसभा चुनाव का एजेंडा और टोन को भी सेट कर दिया है। याद कीजिए पीएम मोदी ने कहा था कि, न खाऊंगा और न किसी को खाने दूंगा। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रखी है। हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जमकर घेरा था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी



तकरीबन हर चुनावी रैली में पीएम भ्रष्टाचार का मुद्दा जोर-शोर से उठाते थे। कभी महादेव ऐप घोटाला तो कभी खनन घोटाला, कभी लाल डायरी में दर्ज काले कारनामे तो कभी भर्तियों में धांधली और पेपर लीक...। राजस्थान की ऐसी ही एक रैली में पीएम मोदी ने लाल किले से दिए अपने भाषण की बातों को दोहराते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण देश के 3 बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस इन तीनों की ही प्रतीक है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के कांकेर की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी कि भ्रष्टाचारियों ने जो कुछ भी लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं गारंटी देता हूं, मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं से कहता हूं- छत्तीसगढ़ को लूटने वाले चाहे कोई भी हों, चाहे कितने भी ताकतवर हों, उन्हें सब कुछ लौटाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जून को पटना में विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक के बाद भी भोपाल में एक सभा में विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों पर जमकर चुटकियां ली थीं। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल बार-बार एक शब्द आता है- गारंटी। ये सारे विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं। ये गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपयों के घोटालों की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इनका एक फोटोशॉप कार्यक्रम हुआ। उस फोटो में जो लोग हैं उन सब का मिल कर टोटल करेंगे तो ये सारे मिल कर कम से कम 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बगैर किसी ठोस कार्यक्रम के समाप्त हुई विपक्षी दलों की बैठक पर प्रहार करते हुए कहा कि अकेले कांग्रेस का ही लाखों करोड़ों का घोटाला है। इन पार्टियों के पास घोटालों का ही अनुभव है और इसीलिए इनकी अगर कोई गारंटी है तो वो है- घोटालों की गारंटी। अगर उनकी घोटाले की गारंटी है, तो मोदी की भी एक गारंटी है, हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी। आश्चर्य की बात यह है कि केंद्र सरकार के खिलाफ ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाले विपक्षी दलों में से किसी ने भी उस समय प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन तक नहीं किया। विपक्षी दल ईडी की कार्रवाई के विरोध में सुप्रीम कोर्ट से पहले ही मात खा चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई के मामले में दखल देने से इंकार कर दिया था। बीती 28 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा था कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर जब एजेंसियां कार्रवाई करती हैं, तो एजेंसियों पर हमला किया जाता है और जब अदालत कोई फैसला सुनाती है, तो उस पर सवाल उठाए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह पूरा देश देख रहा है और समझ भी रहा है। भ्रष्टाचार ने हमारे देश का बहुत नुकसान किया है और उसे दीमक की तरह खोखला किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 23 अप्रैल को एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा था कि, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई से कुछ लोग नाराज हैं। इसके बावजूद वह और उनकी सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी। भले ही उनके विरोधी उनके खिलाफ कितना भी बड़ा गठबंधन बना लें, कार्रवाई नहीं रुकेगी। भ्रष्टाचार पर मोदी सरकार का प्रहार लगातार जारी है। केंद्र की तरफ़ से संसद में रखी गई जानकारी में भी ये बात सामने आई है। सरकार ने संसद को बताया है कि जुलाई 2014 से दिसम्बर 2020 तक यानी बीते छह साल में 340 बड़े अधिकारियों को भ्रष्टाचार, अनियमितता या फ़रि अक्षमता के चलते जबरन रिटायर किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के विपक्ष पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों को बल इस बात से मिलता है विपक्ष के कई नेता आज भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद हैं और कई जमानत पर बाहर हैं। विपक्षी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के ज्यादातर मामलों में अदालत ने कोई राहत नहीं दी है। विपक्ष के लिए बेशक भ्रष्टाचार मिटाने का मुद्दा प्रमुख न हो, पर इस मामले में भारत की स्थिति भयावह है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 की 180 देशों की सूची में भारत को 40 अंकों के साथ 85वें पायदान पर रखा गया। निश्चित तौर पर राज्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण ही भारत की यह स्थिति बनी है। विशेषकर विपक्षी दलों की सत्ता वाले राज्यों में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। यह विपक्षी दलों के लिए कभी भी चिंता का विषय नहीं बना। भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी, आईटी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों को विपक्ष बदले की राजनीति करार देता है। लेकिन हालिया चुनाव नतीजों से उत्साहित केंद्र सरकार इन आरोपों से दबाव में आने वाली नहीं है, ये प्रधानमंत्री मोदी ने भी साफ कर दिया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जबरदस्त जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे।

दृष्टि कोण

# राजनीति और धर्म का गठजोड़ करता है नुकसान, पड़ोसी देश भी हैं गवाह

हाल ही में बंगलूरू में एक संवाद के दौरान लेखक परकाला प्रभाकर ने राजनीतिक विमर्श की बदलती भाषा पर एक बेधक बात कही। 1980 के दशक के अंत में, जब पहली बार भारतीय जनता पार्टी भारतीय राजनीति में एक बड़ी ताकत बन रही थी, तब भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था कि वह 'सकारात्मक धर्मनिरपेक्षता' के पक्ष में हैं। तब कांग्रेस की टिप्पणी थी कि आडवाणी जिस धर्मनिरपेक्षता की बात करते हैं, वह नकली धर्मनिरपेक्षता है। लेकिन आडवाणी तब उस धर्मनिरपेक्षता की बात कर रहे थे, जिसमें 'सबके साथ न्याय और किसी का तुष्टिकरण न करने का वादा' था। लेकिन अब भाजपा या कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता सार्वजनिक तौर पर खुद को धर्मनिरपेक्ष आदर्शों से जुड़ा हुआ नहीं स्वीकारता। इसके बजाय वे चाहते हैं कि उन्हें सच्चे हिंदू के तौर पर जाना जाए। यानी केंद्र में सत्तारूढ़ दल का विरोध करते हुए राहुल गांधी दावा करते हैं कि आरएसएस के नकली हिंदुत्व की तुलना में उनका हिंदुत्व वास्तविक है। राहुल गांधी के सलाहकार भी हिंदुत्व के प्रति राहुल के जुड़ाव की सार्वजनिक अभिव्यक्ति की पुष्टि करते हुए कांग्रेस के इस पूर्व अध्यक्ष को



'शिवभक्त' और 'जनेऊधारी हिंदू' बताते हैं। जैसा कि परकाला प्रभाकर बताते हैं कि इस विमर्श का एक चक्र पूरा हो चुका है। कभी भाजपा नेता खुद को कांग्रेसियों की तुलना में बेहतर धर्मनिरपेक्ष बताते थे। आज कांग्रेस के नेतागण खुद को भाजपा नेताओं की तुलना में ज्यादा आस्थावान हिंदू के रूप में पेश करना चाहते हैं। इस संदर्भ में मध्य प्रदेश में कमलनाथ के चुनाव अभियानों का उदाहरण दिया जा सकता है, जिसमें उन्होंने खुद को तत्कालीन भाजपाई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तुलना में हिंदुत्व के प्रति ज्यादा आस्थावान प्रचारित करने की कोशिश की थी। राजनीतिक विमर्श का हिंदूकरण हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से इसे और बल मिलने वाला है। दूसरी 'सेक्यूलर' छवि वाली पार्टियां भी उद्घाटन पर उतने ही उत्साह का परिचय देंगी। इनमें छोटे दलों के वे नेता भी होंगे, जो मोदी-शाह की सरकार से खुद को जोड़ने के इच्छुक हैं। जैसे कि कर्नाटक में भाजपा से गठजोड़ करने के बाद जनता दल (सेक्यूलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी अब अपने भाषणों का समापन 'जय श्री राम' से करते हैं। यह कॉलम लिखने के दौरान मैंने बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) की नेता के कविता का एक ट्वीट देखा, जिसमें उन्होंने लिखा कि राम मंदिर का निर्माण 'करोड़ों हिंदुओं' के सपनों का साकार होना है। यह तय है कि आनेवाले दिनों में एक या उससे ज्यादा कांग्रेसी नेता हमें सूचित करेंगे कि वह राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए राम मंदिर का ताला खुलवाया था, इसलिए अयोध्या में जो भव्य राम मंदिर बन रहा है, उसके मौलिक वास्तुविद वही हैं, लालकृष्ण आडवाणी या नरेंद्र मोदी नहीं। एक हिंदू होते हुए भी मैं इस नए मंदिर के निर्माण का उत्सव नहीं मना सकता। इसकी एक वजह यह है कि हिंसा के उस खूनी दौर में मैं उत्तर भारत में था, जब हजारों निर्दोष लोग, जिनमें ज्यादातर मुस्लिम और कुछ हिंदू भी थे, हिंसा में मारे गए, और जिसकी परिणति अंततः अयोध्या में मस्जिद ध्वंस के रूप में हुई। जब मैं छोटा था, तब देहरादून में मेरी रामभक्त मां मुझे नहर के तट पर स्थित एक छोटे-से मंदिर में ले जाती थी। शादी के बाद जब मैं बंगलूरू आ गया, तब मेरी सास, वह भी राम भक्त थीं, पड़ोस के शिवाजी नगर स्थित छोटे से रामार कोविल में हमेशा ही दर्शन के लिए जाती थीं। बाद में एक छात्र और गांधी के जीवनीकार के रूप में मैंने यह सीखा कि गांधी को आराधना के लिए छोटे या बड़े मंदिर की जरूरत नहीं थी, ईश्वर का नाम हमेशा उनके दिल में और अंत समय में भी उनके होठों पर उनका नाम था। अगले महीने होने वाले इस विशाल नए भवन का उद्घाटन देश के भविष्य को लेकर क्या पूर्वाभास देता है? एक मित्र का कहना है कि भारत एक दूसरा गणतंत्र बनाने की कगार पर है, जहां राजनीति व नीति- निर्माण 'हिंदू प्रथम' के आधार पर होगी और इस प्रकार यह नया गणतंत्र 1950 में संविधान द्वारा लाए गए पुराने गणतंत्र को प्रतिस्थापित करेगा, जिसने बहुमत की आस्था को राज्य की आस्था से जोड़ने से समझदारीपूर्वक अस्वीकार कर दिया था।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर चलाया गया छापेमारी अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले में अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न भागों में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अवैध बालू खनन,परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में खान निरीक्षक राहूल कुमार एवं पुलिस बल के द्वारा पतरातू थाना अंतर्गत छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान अवैध रूप से बालू का परिवहन करते पांच ट्रैक्टरों को जप्त किया गया एवं वाहन मालिक,चालक एवं सभी संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी।जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता ने कहा है कि जिले में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में खान निरीक्षक के द्वारा पतरातू थाना अंतर्गत छापेमारी की गयी। बिना चलान के बालू ले जाते पांच टैक्टर को जप्त किया गया है एवं



वाहन मालिक,चालक एवं सलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत किया जा रहा है एवं सभी पर कार्रवाई की जाएगी। इन ट्रैक्टरों को किया गया जप्त। (1) वाहन संख्या- केआरडी-03935 जप्त बालू- 100 सौ घनफीट (2) आरजेएजेडडीबीएन-2414 जप्त बालू-100 सौ घनफीट (3)वाहन संख्या- आरईएनबी-2413 जप्त बालू- 100 सौ घनफीट इसके अलावे दो टैक्टर जिसमें वाहन संख्या अंकित नहीं उसमें भी अवैध बालू पाया गया।

## गरसुल्ला में गरीबों के बीच 180 कंबल का वितरण किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के गरसुल्ला पंचायत में बुधवार को गरीब व जरूरतमंद के बिच मुखिया मालती देवी ने 180 कंबल का वितरण किया। वहीं इस मौके पर मुखिया मालती देवी ने कहा कि लगातार बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। आगे भी सरकार के द्वारा ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया जाएगा उन्होंने यह भी कहा कि जिन जरूरतमंदों को कंबल नहीं मिला है वो अपने अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मिले। वहीं मौके पर उपमुखिया नंदकिशोर बेदिया, पंसस प्रिया कुमारी, कैलाश महतो, राजेश्वर महतो, कुलदीप महतो, जगेश्वर महतो, राजेश सोरेन, निराशों देवी, रीतू सिंह, दीपा मुंडा, जगमुनी कुमारी, पुनम कुमारी, माल्ती देवी, सोनमती देवी आदि लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के साथ कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के मद्देनजर बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडे के साथ गोला प्रखंड अंतर्गत चाड़ी पंचायत का दौरा किया।मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने चाड़ी पंचायत अंतर्गत तिरला मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने ने स्थल पर वाहनों की पार्किंग,



मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि लोगों के शिविर तक आने हेतु सुविधा, शिविर के दौरान लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए वहीं उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों को स्टाल लगाकर स्टॉल के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित व उनकी शिकायतों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मौके पर उपयुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित जिला स्तरीय शिविर के दौरान जिलेवासियों व जनप्रतिनिधियों से शिविर में भाग लेकर शिविर को सफल बनाने की अपील की।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के आउटरीच कार्यक्रम के तहत पतरातु प्रखंड में जागरूकता अभियान चलाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में चल रहे आउटरीच कार्यक्रम के तहत पतरातु प्रखंड के एस.एन हाई स्कूल मे डालसा के बैनर तले पैनल अधिवक्ता कौशल कुमार सिन्हा, पीएलवी विजय कुमार सिंह,अशोक ठाकुर के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूल में उपस्थित प्रधानाध्याक विनय कुमार अग्रवाल, के नेतृत्व में बच्चों को ऐसे कंपटीशन,डिबेट कंपटीशन,पेंटिंग कंपटीशन कराते हुए उनके मौलिक अधिकार,बाल विवाह,बाल मजदूरी,घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाना एवं उसके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के बारे मे अवगत कराते हुए, बच्चो को गुड टच किसे कहते है और बैड टच किसे कहते है बताया गया। साथ ही साथ विधिक सेवा कैसे प्राप्त करे और इसके हकदार कौन से लोग हो सकते है इसकी भी जानकारी देकर बच्चों को जागरुक करने का प्रयास किया गया। डालसा का उद्देश है कि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने या आर्थिक स्थिति या किसी अन्य कारण से वांछित न रह जाए ।



## जिला प्रशासन दुलमी प्रखंड के चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करें सुधीर मंगलेश

**दुलमी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बढ़ते कड़ाके ठंड को देखते हुए दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर अलावे की व्यवस्था करने की मांग रामगढ़ उपायुक्त से किया है। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि बढत ठंड में चौक चौराहों पर अलावे की व्यवस्था करना काफी जरूरी है क्योंकि शाम होते ही ठंड काफी बढ़ जाता है ओर चौक चौराहों पर लोगो की आना जाना रहती है। उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए तत्काल चौक-चौराहों एवं गरीब बस्तियों में अलाव की व्यवस्था करने तथा गरीब व मजदूरों के बीच कंबल का वितरण प्रारंभ करने की मांग की है. खास कर मजदूर व गरीब तबके के लोगों को इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड की वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. दिनों दिन ठंड का कहर बढ़ता ही जा रहा है, जिससे लोगों द्वारा अलाव की मांग भी की जाने लगी है। ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी गरीबों को होती है। ऐसे में अलाव ही उनका एकमात्र सहारा होता है। जिससे कि वह ठंड से बचने की कोशिश करते है। अलावे की व्यवस्था होने से लोगो थोड़ी राहत मिलेंगी।



## पियुष कुमार बने झामुमो छात्र मोर्चा के जिला सचिव, लोगों ने दी बधाई

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू के द्वारा सौंदा बस्ती निवासी पियुष कुमार को झामुमो छात्र मोर्चा का रामगढ़ जिला का जिला सचिव मनोनीत किया गया है। वहीं जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू ने कहा कि पुरे राज्य में हेमंत सरकार के द्वारा विकाश? का कार्य निरंतर जारी है इसी कड़ी में झामुमो के प्रत्येक प्रकोष्ठ का विस्तार किया जा रहा है। रामगढ़ जिला में झामुमो युवा मोर्चा, छात्र मोर्चा, बुद्धजीवी मोर्चा,किसान मोर्चा,क्रीड़ा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, महिला मोर्चा का गठन किया गया है वहीं नवनिर्वाचित जिला सचिव पियुष कुमार ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे वह इमानदारी पुर्वक निर्वाहन करेंगे। पार्टी की विस्तारीकरण व मजबुती को लेकर जिला भर में दौरा किया जाएगा।वहीं बधाई देने वालों में सुदीप कुमार,मनीश कुमार, सुशांत निगम,मनीश परमर, गुड्डू यादव, रिक्की कुमार,अमन वर्मा, जयदीप जयशवाल, राहुल कुमार, नितेश शाही, अनूप यादव,अनुश्का राय आदि थे ।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## स्टॉल के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के बनहर्दी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी,चंदवा श्री विजय कुमार, जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा गया कि ग्रामीण सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ स्वयं ले साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करे।कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सोना सबरन धोती - साड़ी योजना आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए, इसमें विभिन्न आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रुप से 05 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड ,05 लाभुकों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, 02 छात्राओं के बीच साईकिल के लिए स्वीकृति पत्र, 05 लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, 04 लोगो का जमीन सुधार रसीद, 07 लाभुको के बीच धोती-साड़ी, जरुरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# जंगली हाथियों के झुंड ने धान की फसल को पहुंचाया नुकसान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा पंचायत स्तिथ बागोता गटोला में मंगलवार की देर रात लगभग 18-20 की संख्या में आए हाथियों के झुंड ने कई एकड़ में लगे धान के फसल को चट कर गए । ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड एकाएक गांव में आ धमका और किसान बलकू भुइयां खेत से लगे धान,आलू,केतारी की फसलों को नुकसान पहुंचाया एवं चट कर गए ।इसके अलावा किसान डोमन साव, दीपक साव, कैलाश साव कूटू साव, झारी साव समेत कई किसानों के लगभग 10 एकड़ में लगे धान की फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया।घटना की सूचना पाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा घटना स्थल पर पहुंच नुकसान का जायजा लेते हुए बालूमाथ वन विभाग को घटना की जानकारी दी इसके बाद वन विभाग के पंचायत प्रभारी धनंजय कुमार ने पीड़ित किसानो के फसल नुकसान का मुवावजा जल्द से जल्द दिलवाने की बात कही।मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा की सरकार द्वारा हाथियों को इस जोन से भागने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।एवम लंबित मुआवजा भी नही दिया जा रहा । मौके पर रमेश भुइयां बालकू भईया दिनेश उरांव जयराम उरांव संतोष उरांव महेंद्र उरांव रामजी उरांव समेत कई ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

# एक ही गोतिया का वायोवृद्ध भाभी व देवर की हुई मौत अंतिम संस्कार में जुटे पंचायत भर के लोग

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अन्तर्गत दुआरी में बीते मंगलवार की रात एकही गोतिया के भाभी व देवर 100 वर्ष आयु पूरा कर एक महिला व पुरुष की मौत हो गई।मृतक में गांव के वयोवृद्ध समाजसेवी महादेव गोप पिता स्वर्गीय लालो गोप तथा मुनिया देवी स्वर्गीय लाटन गोप शामिल है।बुधवार को दोनो का शव यात्रा एक साथ निकाली गई। और बल बल शमसान घाट पर दोनो का अंतिम संस्कार किया गया।स्वर्गीय महादेव गोप अपने गांव में समाजसेवी के रूप में जाने जाते थे।अंतिम संस्कार के मौके पर गांव के काफी लोग मौजूद थे।




# रवि कृषि पाठशाला का हुआ आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के मायाडीह गांव में स्थित शिवमन्दिर के समीप बुधवार को कृषि पाठशाला का आयोजन किया गया। जहां दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित हुए।उनके बीच बिटीएम अमरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि रवि फसल का तृतीय कक्षा का संचालन रवि फसल 2023-24को लेकर किया गया है।बताते चलें कि चना, सरसों,मटर सही तरीके से लगाने तथा श्री विधि का उपयोग करने की बात कहीं।मौके पर उपस्थित बिटीएम दीनदयाल प्रसाद कृषक मित्र प्रसादी पासवान गोवर्धन यादव विनोद पासवान राजकुमार रविदास एवं दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

# गाडीलौग क्रिकेट प्रीमियर लीग का उद्धाटन 22को

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गावों में प्रतिभावान खिलाड़ियों को तराशने की उद्देश्य से गाड़ीलौंग प्रीमियर लीग के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन गेरुआ ग्राउंड में 22दिसम्बर को विधायक किसुन कुमार दास करेंगे। इस टूर्नामेंट में 16टीमो ने भाग लिया है। इसकी जानकारी देते हुए आयोजक आशीष दास, रविन्द्र प्रजापति तथा गणेश गुप्ता ने बताया कि इस टूर्नामेंट में लगभग पंचायत की टीमें शामिल हैं।उद्घाटन समारोह में जिप सदस्य सुभाष यादव, मुखिया सबिदा खातून और सुनीता देवी भी शामिल रहेंगी।

# सीएम के आगमन को लेकर विधायक डीसी व एसपी ने किया स्थल निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी 27 दिसंबर को लातेहार आयेंगे।मुख्यमंत्री लातेहार के कुंदरी ग्राम में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे बुधवार को विधायक बैजनाथ राम उपायुक्त हिमांशु मोहन एसपी अंजनी अंजन झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर स्थल निरीक्षण किया उन्होंने वहां सुरक्षा एवं अन्य प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया मंच वहां ग्रामीण के बैठने की तैयारी को लेकर कई दिशा निर्देश जारी किया कहां की सुरक्षा व विधि व्यवस्था साधारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए मौके पर जिला विशुत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे जिला परिषद विनोद उरांव विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद परवेज आलम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार झामुम जिला सचिव समसूल हुदा युवा नेता अंकित पांडे दीपक कुमार और चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

# मारंगलोइया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोइया ग्राम स्थित पंचायत भवन परिसर में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव,बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर,पंचायत मुखिया सोनामनी कुमारी,पंचायत समिति सदस्य रामलाल उराँव,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उराँव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । मौके पर वृद्धा/विधवा/विकलांग पेंशन योजना,बिरसा आवास,गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना,सावित्रीबाई फुले योजना,आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड नाम जोड़ना एवं सुधार, स्वास्थ्य, जमीन विवाद, मोटेशन, बिजली विभाग,15वीं वित्त योजना, जॉब कार्ड,बाल विकास सहित कई स्टॉल लगाए गए थे।जिसमें ग्रामीणों द्वारा आवेदन जमा किया गया ।इसके अलावा आयोजित शिविर में ग्रामीणों के बीच कई परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया ।जिसमें कंबल,धोती-साड़ी छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिये चेक का वितरण किया गया। मौके पर बोलते हुए प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उराँव ने कहा कि हेमंत सरकार की सोच है की सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों तक को मिले।

# शहर के मेन रोड में लगेगी लगभग 500 स्ट्रीट लाइट

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 फॉरेस्ट चेक पोस्ट के पास क्षेत्र के आम जनता के बीच आम सभा किया गया। आमसभा में मुख्य रूप से सिटी मैनेजर जयलक्ष्मी भगत, सीएमएम आनंद कुमार दागी एवं कनीय अभियंता उपस्थित रहे। आमसभा की बैठक के दौरान शहर फीमेल रोड में 500 स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्णय लिया गया। मौके पर सिटी मैनेजर ने बताया कि नगर पंचायत के चिन्हित स्थानों पर यात्री शेड का निर्माण, लातेहार शहरी क्षेत्र में रिक्शा (गारवेज़ ) और प्रशिक्षण केंद्र की मरम्मती एवं जीर्णोद्धार समेत अन्य योजनाओं का भी स्वीकृति प्रदान की गई। इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए जल्दी कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद जितेंद्र उर्फ बलि पाठक ने खराब पड़े स्ट्रीट लाइटों को मरम्मत करने की बात कही। बैठक में राजीव कुमार, गोपाल प्रसाद, विनोद प्रसाद दिलीप उपाध्यक्ष अमित पाठक, अंकित पाठक मुकेश कुमार पांडे शंकर साव मोहन प्रसाद प्रवीण दास समेत कई लोग उपस्थित थे।

# चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिष ब्राह्मण समाज के लोगों ने कुलपति विनोबा भावे विश्वविद्यालय में सोंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में बुधवार को एक शिष्टमंडल माननीय कुलपति विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से मिलकर संस्कृत विषय की पढ़ाई चतरा जिला अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालय में हो। तथा झारखंड प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालय में समुचित रूप से पठन-पाठन तथा विकास हेतु माननीय कुलपति महोदय को ज्ञापन दी गई।इस अवसर पर झारखंड कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक चतरा जिला अध्यक्ष संजय पांडेय प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय जिला सचिव राजन पांडेय जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्रनाथ शर्मा प्रदीप पांडेय अक्षवट दयाल शर्मा प्रदीप पांडेय जिला कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पाण्डेय अयोध्या पांडेय भैरव दत्त शास्त्री दिलीप पांडेय अजीत शर्मा आशीष कुमार पांडेय सहित शिष्ट मंडल के लोग मुलाकात किया।

# सुदूरवर्ती इलाका में पहुंची झारखंड सरकार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बुधवार को प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत हरातु में अपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह , बीडीओ राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, मुखिया सावित्री देवी, पंसस तेतरी देवी, यूथ कॉंग्रेस के प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह समेत अन्य अतिथि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरकार आपके द्वार शिविर को लेकर प्रखंड प्रशासन की ओर से लगभग एक दर्जन से अधिक विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। जहां सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लेकर भी प्रखंड प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एलसीडी के माध्यम से व्यापक तरीके से प्रचार प्रसार भी किया जा रहा था। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान सबसे अधिक भीड़ और ग्रामीणों का उत्साह अबुआ आवास के आवेदन भरने के साथ मनरेगा जॉब कार्ड बनाने को लेकर देखा गया। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों लाभुकों के बीच विरसा कृषि समृद्धि योजना का प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड, धोती साड़ी समेत अन्य योजनाओं के लाभ का वितरण अतिथियों के माध्यम सें कराया गया।

# वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बालूमाथ में बनी जाम की स्थिति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ के थाना चौक चारमुहान में बुधवार को लातेहार जिला एमभीआई सुनील राम और बालूमाथ पुलिस के द्वारा हेलमेट/सीट बेल्ट चेकिंग अभियान लगाया गया । चेकिंग अभियान के दौरान कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई ।थाना चौक से न्यू बस स्टैंड एवं वन विभाग तक कई बार जाम लग गया ।जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन चालक चेकिंग के डर से गली-मुहल्ले से इधर-उधर भागते दिखे । ग्रामीणों ने बालूमाथ पुलिस से अपील करते हुए कहा है कि हेलमेट चेकिंग को बालूमाथ थाना चौक की जगह किसी अन्य स्थान पर लगाया जाए ताकि स्थानीय लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े।वही चेकिंग अभियान के दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट लगाए पकड़े गए । जिनसे कुल 19000/-फाइन की वसूली की गई । वाहन चेकिंग अभियान में थाना एसआई संजय चौधरी,राहुल कुमार समेत कई लोग शामिल थे ।

# पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**महुआडांड़ (लातेहार)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन के निर्देश पर महुआडांड़ थाना क्षेत्र स्थित आईआरबी कैंप के समीप महुआडांड़ पुलिस के द्वारा हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 50 से अधिक बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए वाहन चालकों को पकड़ा। जिन्हें हेलमेट लगाने का सख्त हिदायत देते हुए, वाहन संख्या, नाम और नंबर नोट किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करती नजर आई। इस चेकिंग अभियान में मुख्य रूप से पुअनी संजय रतन और आईआरबी के जवान मौजूद थे।

# प्रवीण टोप्पो प्रधान सचिव, कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राज्य भाषा विभाग झारखण्ड रांची एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे चतरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** प्रखण्ड के दारीयातु पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का जायजा लेने हेतु श्री प्रवीण टोप्पो प्रधान सचिव, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग झारखण्ड रांची एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे। उनके चतरा आगमन पर उपायुक्त श्री अबु इमरान ने आभार प्रकट करते हुए पूष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम स्थल आगमन पर पारंपरिक रूप से उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु लगाए गए स्टॉलों का एक एक कर निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा यह कार्यक्रम राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शत प्रतिशत पात्र लाभुकों को लाभान्वित करना है। शिविर में आयें सभी योग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर उन्हे लाभान्वित करें। उक्त मौके पर लाभुकों के बीच योजनाओं के स्वीकृति पत्र, धोती साड़ी, कम्बल व जेएसएलपीएस दीदीयों के बीच आत्म निर्भर बनाने हेतु चेक के माध्यम से राशि का वितरण किया। वहीं आदिम जनजाति परिवारों के बीच बर्तन एवं चौकी का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम स्थल से जिला मुख्या लौटने के क्रम में युवाओं के लिए बनायें गए जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम एवं इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण कर स्टेडियम व इंडोर स्टेडियम का सराहना किया और कहा जिले के युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम एवं इंडोर स्टेडियम वरदान साबित होगा।उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मण्डल, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चतरा हरीनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य चतरा, प्रमण्ड प्रमुख चतरा समेत अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# सिमरिया प्रखण्ड में महिला समूहों के बीच कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रीय अभियान नई चेतना 2.0 पहल के अवसर पर सिमरिया प्रखण्ड के इलेवन स्टार मैदान में जेएसएलपीएस द्वारा सखी मंडल की दीदीयों के बीच कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पुर्वी जिला परिषद सदस्या रोहनी देवी, जेएसएलपीएस प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक राहुल रंजन पांडेय, मनरेगा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश पासवान के द्वारा किया गया । मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि महिला लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के आत्मविश्वास को बढाने की दिशा में यह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । जिससे महिलाएं अपने आप को सभी क्षेत्रों में पुरूषों के समान भागीदारी का अनुभव प्राप्त कर सके । यह खेल प्रतियोगिता सिमरिया प्रखण्ड के बन्हे एवं एदला महिला संकुल संगठन के बीच आयोजित किया गया । जिसमें कुल 14 महिला खिलाड़ी शामिल हुई । इस प्रतियोगिता में बिजेता टीम एदला संकुल संगठन को पुरुस्कार देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया । साथ ही उप विजेता टीम बन्हे संकुल संगठन को भी बेहतर प्रदर्शन करने हेतू पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया । साथ ही पुरे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले महिला खिलाड़ी रूनती देवी को मेन ऑफ द मैच का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

# एक सप्ताह से सोलर जलमिनार ख़राब, ग्रामीण परेशान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातु :** प्रखण्ड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा मे घर घर जल नल योजना अंतर्गत लगाए गए सोलर जलमिनार पिछ्ले एक सप्ताह से ख़राब पढ़ा हुआ है . जिसके कारण ग्रामीण काफ़ी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। . इस संबन्ध में ग्रामीणों ने बातया की मकरा मे जल नल योजना के तहत पिएचडी विभाग से जलमिनार लगाया गया था जो एक सप्ताह से ख़राब है, जलमिनार ख़राब होने से यहाँ के ग्रामीणों को पानी पिने के साथ साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। .और ग्रामीणों ने? यह भी बातया कि राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकरा विद्यालय का सोलर जलमिनार कई माह पूर्व से ख़राब पढ़ा हुआ है. जिसके कारण विद्यालय के बच्चों के पेयजल रसोइया विद्यालय मे मध्याहन भोजन बनाते के लिए पानी इसी जलमिनार से ले जाता था। . जलमिनार खराब रहने से विद्यालय के बच्चों को पानी पिने व रसोइया को भोजन बनाने मे काफ़ी परेशनी हो रही है . उपरोक्त परेशानी के कारण ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदय व पीएचडी विभाग से अविलम्ब सोलर जलमिनार को दुरुस्त करवा पेजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है. मौके पर अनिल सिंह, जितेंद्र राम, मुन्ना सिंह, द्वारिका ठाकुर, दिपु ठाकुर, बिरन देवी, चंदन कुमार सहित अनेको ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट बने डॉ हांशु साहा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांच दिवसीय (15 दिसंबर -19 दिसंबर) 16 वां जेड स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में डॉ मोहम्मद ज़ाकिर के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले टूर्नामेंट का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में अलग



अलग इवेंट्स निम्न विजेता एवं उपविजेता रहे - मास्टर स्नूकर शुभम गुप्ता ने डॉ स्नेहांशु साहा को हराया, मास्टर सिक्स रेड्स में डॉ स्नेहांशु साहा ने दिव्या ज्योति (टीपू) को पराजित किया, शशांक शर्मा मिनी सिक्स रेड्स में आयुष राज को हराया। संजीत कुजूर ने मिनी स्नूकर जीता। पूल में नील सिन्हा ने आदर्श को हराया। 9बॉल्स में डॉ स्नेहांशु साहा ने चाहत को हराया। राइजिंग प्लेयर का ट्रॉफी ऋत्त्रा सेनगुप्ता मिला। मुख्य अतिथि भाजपा नेता शशांक राज ने विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी और ईनाम राशि देकर उनको उनका उत्साह बढ़ाया। क्लब की ओर से मेंबरशिप दिया गया। इस अवसर पर डॉ मोहम्मद ज़ाकिर, यश किंगर, इंद्रजीत, खैतान, डिंपू, अरमान, यश दास, सुमित सहित सभी खिलाड़ी मौजूद थे।

## बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 20 दिसंबर 2023 को कार्मेल विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) सामलोंग में अभिभावक दिवस मनाया गया जिसमें के. जी. 1 और के. जी. 2 के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुती देकर सबका मन मोह लिया। इन नन्हे-नन्हे बच्चों ने जियो और जीने दो की




तर्ज पर थिरक कर धरती माँ की रक्षा का भी संदेष दिया। साथ ही लघु नाटिका के द्वारा प्रभु येसु के जन्म को भी जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत रेव्ह. फा. एटली गोम्स एस. एफ. एक्स. (Attley Gomes S.F.X.) विद्यालय प्रबंधक सिस्टर रेनिषा ए.सी., प्रधानाचार्या सिस्टर स्टेफी ए. सी. और दो अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने सबका उत्साह बढ़ाते हुए एक-दूसरे के प्रति प्यार और सेवा भावना रखने का संदेष दिया तथा बाल्यावस्था से ही बच्चों को 3 R's ( Reduce , Reuse & Recycle) का महत्व समझाने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यालय परिवार को भी बच्चों के सर्वांगीण विकास करने के लिए बधाई दी। जर्मनी से आए Mr. Christian (Father Attley Gomes के अभिन्न मित्र) इस कार्यक्रम के साक्षी बने। कार्यक्रम का समापन थ्पदंसम वदह के द्वारा हुआ।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने कॉपीराईट उल्लंघन मामले में पीपीएल इंडिया के लिए महत्वपूर्ण जीत का फैसला सुनाया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्रिसमस के जश्न एवं नव वर्ष की पूर्व संध्या पर फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड (पीपीएल इंडिया) अपने 70 लाख गीतों की व्यापक कैटलॉग को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कॉपीराईट उल्लंघन के खिलाफ़ फैसला सुनाया है, जिसके तहत संस्थाएं आवश्यक लाइसेंस के बिना पीपीएल द्वारा नियन्त्रित कॉपीराईट गीतों को नहीं बजा सकतीं। सार्वजनिक अधिकारों की देखरेख करने वाले 80 साल पुराने पावरहाउस के रूप में पीपीएल इंडिया 400 से अधिक म्युज़िक लेबल्स की ओर से गीतों की व्यापक रेंज का प्रबन्धन करती है। इसमें उद्योग जगत के दिग्गजों जैसे टी-सीरीज़, सारेगामा, सोनी म्युज़िक, युनिवर्सल म्युजिक, वार्नर म्युज़िक, टाइम्स म्युज़िक, स्पीड रिकॉर्ड्स आदि के गीत शामिल हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में सुनाया गया फैसला पीपीएल इंडिया के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में काम करता है, यह भारत के कई जाने-माने संगठनां जैसे वन 8 कम्यून (विराट कोहली के स्वामित्व में), टिम होर्टन्स, एप्ट्रोनिक्स, युनिकॉर्न, गोला सिज़लर, स्टर8अप हॉस्पिटेलिटी (ब्राण्ड जैसे ड्यूटी फ्री, सैस्सी ऑस्कर, टू इंडियन आदि) द्वारा कॉपीराईट साउण्ड रिकॉर्डिंग के अनधिकृत इस्तेमाल के मुद्दे को हल करता है। पिछले सालों के दौरान भारत की कई अदालतों ने इस तरह के उल्लंघन के खिलाफ़ फैसले जारी कर पीपीएल को समर्थन दिया है।ऐसे ही एक लीगल विकास के तहत दिल्ली उच्च न्यायालय ने डीजे एसोसिएशन चंडीगढ़ जैसे संगठनों द्वारा शुरू किए गए गुमराह करने वाले कैंपेन्स का संज्ञान गंभीरता से लिया। ये कैंपेन संगीत बजाने के लिए पीपीएल से लाइसेंस लेने के मामले में भ्रमित करते हैं। अदालत ने व्यापक संगीत प्रदर्शनों की सूची के वैद्य उपयोग के लिए लाइसेंस जारी करने के पीपीएल के अधिकार की पुष्टि करते हुए ऐसे संगठनों पर स्पष्ट प्रतिबंध लगा दिया है। कंपनी से संपर्क करने पर पीपीएल इंडिया ने कॉपीराईट धारकों के अधिकारों को बनाए रखने तथा निर्माताओं के लिए पारदर्शी मुआवज़ा सुनिश्चित करने के समर्थन हेतु दिल्ली उच्च न्यायाल के प्रति आभार व्यक्त किया। यह ऐतिहासिक फैसला संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा अधिकारों के सम्मान के महत्व की पुष्टि करता है।

## एदारा ए शरिया रामगढ़ के द्वारा उपायुक्त रामगढ़ को मांग पत्र सौंपा गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व सांसद व एमएलसी मौलाना गुलाम रसूल बाल्यावी साहब ने तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस 17 दिसंबर 23 को चैनगड़ा अम्बटांड़ में हुआ था जिसमें एम एल सी द्वारा तैयार मांग पत्र बुधवार को एदारा ए शरिया रामगढ़ के जानिब से उपायुक्त रामगढ़ को



सौंप गया। इस मांग पत्र में मुस्लिम समाज के लोगों की समस्याओं को लेकर यह मांग पत्र बनाया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित मौलाना अल हाज हबीब आलम साहब कारी मुश्ताक महशर आरिफ कुरैशी मास्टर गुलाम जिलानी नुरुल्ला अंसारी मो जाकिर अंसारी हलीम एराकी आदि शामिल थे।

## 10 दिवसीय प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का हुआ शुभारंभ

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का शुभारंभ बुधवार को रामगढ़ कॉलेज में मैदान में हुआ। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू और विशिष्ट अतिथि रुदल कुमार और गिरी बाबा ने केक



काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच किरमानी एलेवन और बंजारी एलेवन के बीच खेला गया। 12-12 ओवरों के मैच में बंजारी एलेवन ने 20 रनों से मैच जीत लिया। बताया गया कि 10 दिवसीय नॉकआउट टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। 30 दिसंबर को फाइनल मैच और पुरस्कार वितरण के साथ टूर्नामेंट का समापन होगा। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष अमन गुप्ता, उपाध्यक्ष रोहित जैन, सचिव कुमार बालाजी सहित अन्य योगदान दे रहे हैं।

## पतरातू के हफुआ और कोतो में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** पंचायत हफुआ और कोतो के पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता हफुआ में मुखिया सालों देवी और कोतो में पंचायत समिति बीना देवी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता विनीता हरिहरन तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर संजय सिंह सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता सीडीपीओ अनुपमा मिंज भाजपा युवा नेता सह मुखिया किशोर कुमार महतो पंचायत समिति ममता देवी दौलत सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता विनीता हरिहरन के द्वारा कहा गया कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी का सपना है की 2047 तक हमारा भारत विकसित भारत बने और हमारा देश परम वैभव के शिखर पर पहुंचे यही संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा किया जा रहा है। तथा मौके पर आंगनबाड़ी सेविकाओ के द्वारा गोद भराई रस्म निभाई गई। कार्यक्रम में पंचायत सेवक मोहन राम, उप मुखिया रामदयाल गंझू, लक्ष्मी देवी कुमकुम देवी, श्रेया कुमारी, मुनेश्वर ठाकुर, हरिलाल गंझू, मंजू मुर्मू, नीलम देवी, मोहम्मद इस्लाम, गीता देवी, सीता देवी, सरिता देवी, सीमा देवी जानकी मुंडा, पंचायत सेवक सरजू महतो, रोजगार सेवक प्रमोद कुमार विनय कुमार,रीना टोप्पो,कल्पना कुमारी मनोरमा देवी उपस्थित थे।

## समाजसेवी गोपाल शर्मा का निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ़ के समाजसेवी एवं व्यवसाय गोपाल शर्मा का आज इलाज के दौरान निधन हो गया। पिछले चार दिन पहले बाथरूम में गिरने से चोट ग्रस्त हो जाने के पश्चात अस्पताल में इलाज के दौरान उनका बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर शहर में शोक का वातावरण हो गया वे चेंबर के लगभग 13 वर्षों से कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवा व्यापारियों के बीच दे रहे थे उनके दुखद निधन पर चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि यह चेंबर ,समाज व व्यवसाईयों के लिए अपूरणीय क्षति है, जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि एक मृदभाषी हंसमुख चेहरा हम सबके बीच नहीं रहा यह हमारे लिए अपूरणीय क्षति है इस अवसर पर चैंबर की उपाध्यक्ष मनजीत साहनी मानद सचिव मानू चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी मैं वर्तमान अध्यक्ष पंकज तिवारी पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सिंह राजू चतुर्वेदी मनजी सिंह अनूप बाबू विमल बुधिया प्रदीप गुप्ता रामदेव प्रसाद और भुरकुंडा से दिलीप अग्रवाल दीपक मंगलम सभी ने अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की है।

## डॉ एस राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सभागार में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को डॉ एस राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। जिसमे पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम डा0 एस0 राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया। मातृ संस्था जन आकांक्षा के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिव कुमार राणा एवं सभी शिक्षको के द्वारा किया गया। स्वागत भाषण के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिव कुमार राणा ने ईसा मसीह - की जीवनी की चर्चा के साथ ईसा मसीह के जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज में 22 को फ्रेशर पार्टी का आयोजन तैयारी जोरों पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** पॉलिटेक्निक कॉलेज गोला में 22 दिसंबर को फ्रेशर पार्टी अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें नये विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत किया जायेगा। कार्यक्रम के समन्वयक शिक्षक सुमित कुमार अंबष्ठ ने बताया कि मुख्य अतिथि रजरप्पा महाप्रबंधक पी एन यादव के अलावे कई अधिकारी विशिष्ट अतिथि होंगे। फ्रेशर पार्टी की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।कार्यक्रम में नृत्य, गीत, रैंप वॉक, नाटक, मिमिक्री सहित कई कार्यक्रम होगा। इसकी सफलता को लेकर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा रिहर्सल भी किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी में उत्तम कुमार, गोपी कुमार, पीयूष कुमार, राजन कुमार, आयुष कुमार, आदित्य कुमार, सागर कुमार, राखी कुमारी, ऋत्त्रा कुमारी, जीत कुमार, अरविंद कुमार, बंटी कुमार, खुशबू कुमारी सहित कई छात्र छात्राएं जुटे हुए है।

## रामगढ़ जिला रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अनूप कुमार वाइस चेयरमैन महावीर अग्रवाल बने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला रेडक्रास सोसायटी का निर्वाचित 15 कार्यकारिणियों में से रामगढ़ उपयुक्त चंदन कुमार के द्वारा चेयरमैन, वाइस चेयरमैन ,सचिव , कोषाध्यक्ष , संयुक्त सचिव पदाधिकारी की घोषणा की गई। जिसमें चेयरमैन अनूप कुमार ,वाइस चेयरमैन महावीर प्रसाद अग्रवाल , कोषाध्यक्ष राहुल जैन, सचिव इंद्रपाल सिंह सैनी , संयुक्त सचिव हरीश चौधरी मंटू को बनाया गया। रामगढ़ जिला रेट क्रॉस सोसाइटी के 15 निर्वाचित कार्यकारिणी समिति की डीसी चंदन कुमार के नेतृत्व में हुई बैठक में इन लोगों को पदाधिकारी चुना गया है। बैठक में कार्यकारिणी समिति के कमल किशोर बगड़िया और मनोज मंडल को छोड़कर सभी 13 कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण का आनन्द उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर, रामगढ़ के कक्षा चार एवं पांच के विद्यार्थियों को बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। भ्रमण के लिए ऐतिहासिक व प्रसिद्ध स्थल ÷टूटी झरना÷ पर गए विद्यार्थियों ने प्राचीन शिव मंदिर का दर्शन किया। इस शिव मंदिर की विशेषता यह है कि वर्ष भर स्वयं माँ गंगा की तरह एक जल की धारा निरंतर शिवलिंग का अभिषेक करती रहती है। यहां पर विद्यार्थियों ने एक हैंड पंप भी देखा जिसमें स्वतः जल निकलता रहता है। मंदिर से सटे नदी को देखकर भी बच्चे आनंदित हुए। इस भ्रमण की रूपरेखा खेल शिक्षक मनोरंजन चौधरी ने तय की थी। विद्यार्थियों को मंदिर परिसर दिखाने में गाइड की भूमिका निभाई विद्यालय की शिक्षिका उषा सिंह तथा अनीता शर्मा ने। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) सचिव विमल किशोर जाजु, प्रशासक एसपी सिन्हा व प्राचार्य ब्राह्मण द्विवेदी ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने की भूरी ङ्क भूरी प्रशंसा की तथा ऐतिहासिक व प्राचीन शिव मंदिर के विषय में जानकारी को महत्वपूर्ण बताया।

## भाजपा रामगढ़ जिला के द्वारा आक्रोश रैली आज

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के तत्वावधान में कल दिनांक 21/12/2023 दिन गुरुवार को दिन के 12=30 बजे समाहरणालय के बाहर होटल टी एंड ट्री के सामने उपराष्टपति तथा राज्य सभा के सभापति माननीय जगदीप धनकर के प्रति अपमानजनक नकल करने तथा वीडियो बनाने को लेकर तथा हेमन्त सरकार के चार वर्षो के नाकामियों, वादाखिलाफी, महिला उत्पीडन, भ्रष्टाचार सहित बार बार इडी के समन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा उपस्थित नहीं होने को लेकर आक्रोश रैली प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता द्वारा आहूत किया गया है। रैली में प्रदेश के पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, जिला के पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, मोर्चा के जिला अध्यक्ष,जिला के पदाधिकारी कार्य समिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष मंडल के पदाधिकारी मोर्चा के अध्यक्ष, पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र,बुथ के अध्यक्ष,बुथ समिति के सदस्य सहित सभी समर्पित वरिष्ठ नेता और कार्यकर्तागण आक्रोश रैली में पहुंचेंगे।




## पड़ारुनाला अरगड्डा के चार अवैध कोयला मुहानो पर चला पेलोडर

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा झोपड़ी के पड़ारुनाला पर बुधवार अवैध कोयला खनन चार मुहानो को प्रबंधन द्वारा पेलोडर से मिट्टी डालकर डोजरिंग किया गया। सुरक्षा विभाग ने बताया कि आगे भी प्रबंध आदेश पर कार्रवाई होगी। मौके पर सुरक्षा सिरका प्रभारी राजू राम, जीएम आंफिस के सुरक्षा एसआई संजय प्रसाद, ओवरमैन संतोष सिंह, पुलिस एसआई नवीन कुमार, एएसआई भवेश झा, हवलदार सिरका गंगाराम, भैया लाल, प्रहरी शंकर, होमगार्ड नीलामण, ऑपरेटर कंचन, जगनारायण बेदिया आदि जवान उपस्थित थे।



## खुली खदान सिरका से कोयला उत्पादन लगातार जारी, कामगारों में हर्ष

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा प्रक्षेत्र के खुली खदान सिरका कोलयरी से प्रबंधन ने कोयला उठाकर नये कोयला डंप स्थल पर रखने का कार्य आरंभ कर दिया हैं। जिसके लिए माईनिंग कर्मचारी, ऑपरेटर, अधिकारी योजनाबद्ध तरीके से लगे हुए हैं। सूत्र बताते हैं कि खुली खदान सिरका से कोयला उत्पादन चुनौती पूर्ण हैं। प्रबंधन कोयला उठाव सुलभता के लिए आस-पास के कोलयरी एरिया से पुराने होलपैंक, टैंकर, ग्रेडर मंगा रहे हैं। लेकिन यदि सिरका कोलयरी को नई मशीनों की सौगात, मैन पावर के साथ मिलती हैं, तो 2022-23 के वर्ष में कोयला उत्पादन के लक्ष्य में अरगड्डा क्षेत्र एक नया मुकाम हासिल कर सकती हैं।



## ऑन द स्पॉट दी गई पेंशन की स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य के दूरदराज क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजना से आच्छादित करने के उद्देश्य से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम अंतर्गत ऑन द स्पॉट आम लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान लेगू महतो को सर्वजन पेंशन योजना के तहत वृद्धा पेंशन की स्वीकृति पत्र दिया गया। मौके पर लेगू महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद करते हुए कहा कि वर्तमान में वे अपने पत्नी के साथ रहते हैं उन्हें सहारा देने वाला कोई नहीं है। काफी ज्यादा उम्र हो जाने के बाद वह किसी प्रकार का कार्य करने में भी सक्षम नहीं है। जिससे उनका भरण पोषण करना काफी कठिन हो जाता है। सरकार द्वारा उन्हें राशन प्राप्त होता है परंतु अन्य सामग्रियों यथा अपनी अन्य जरूरत के लिए उन्हें काफी मुशकत्त करनी पड़ती है। ऐसी स्थिति में जीवन यापन करना काफी कठिन हो गया है। उनके घर से प्रखंड कार्यालय की दूरी काफी ज्यादा है जिस कारण वे कार्यालय पहुंचकर पेंशन एवं अन्य योजना हेतु आवेदन देने में भी सक्षम नहीं थे। परंतु वे सरकार का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे दरवाजे पर ही इस तरह के शिविर का आयोजन किया जहां मुझे आवेदन करने के साथ-साथ वृद्धा पेंशन का स्वीकृति भी प्रदान कर दिया गया जिससे अब जीवन यापन करने में थोड़ी सहूलियत होगी।

## पेट्रोल पंप संचालकों को नो हेलमेट नो पेट्रोल का सख्ती से पालन कराने का निर्देश

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**पाकुड़ :** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत सभी पेट्रोल पंप संचालक एवं प्रबंधक के साथ नो हेलमेट नो पेट्रोल हेतू बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रति माह होने वाले जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त के स्तर से पाकुड़ जिला में हो रही सड़क दुर्घटनाओं तथा इन सभी दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु एवं घायलों की संख्या में हो रहे वृद्धि को लेकर खेद व्यक्त किया गया है। सभी पेट्रोल पंप संचालक एवं प्रबंधकों को बताया गया कि माह जनवरी 2023 से नवंबर 2023 तक जिला पाकुड़ में कुल 69 सड़क दुर्घटना हुई तथा सभी 69 सड़क दुर्घटनाओं में 63 लोंगो की मृत्यु दर्ज की गई है तथा 19 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिला पाकुड़ के कुल 35 पेट्रोल पंप अलग-अलग थाना क्षेत्र अन्तर्गत संचालित है। जिसमें से वर्तमान में कुल 32 कार्यरत है। शेष अनिश्चित कालिन के लिए बंद है। इस संबंध में पेट्रोल पंप के आए हुए प्रतिनिधियों के द्वारा बताया गया तथा सभी 32 पेट्रोल पंपों पर प्रतिदिन हजारों लोग अपने वाहनों में ईंधन डालने आते है।

## पतरातू अंचल अधिकारी द्वारा कंबल वितरण किया गया

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठंड को देखते हुए पतरातु अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडेय के द्वारा गरीब आशाहायो के बीच लगभग 100 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे ने प्राइवेट वाहन चालकों,एंबुलेंस चालकों,एफसीआई गोदाम के मोटीया मजदूरों एवम मंदिरों के पुजारियों को कंबल वितरण किया।





### झारखण्ड सरकार उद्योग विभाग
### आम सूचना

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) योजना के तहत् सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना/उद्यमों के उन्नयन के लिए परियोजना लागत का 35 प्रतिशत् (अधिकतम रु0—10.00 लाख) तक का पूंजीत अनुदान पाने का सुनहरा अवसर।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) योजना के तहत् सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना/उद्यमों के उन्नयन के लिए राँची जिले के प्रत्येक प्रखण्ड मुख्यालय स्तर पर विशेष अभियान के तहत् दिनांक—11.12.2023 से 11.01.2024 तक कैम्प का आयोजन किया गया है। उक्त कैम्प में सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना के लिए अथवा उद्यमों के उन्नयन/उत्थान के लिए On line आवेदन का पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति अपने—अपने प्रखण्ड मुख्यालय में पहुँचकर अपने आवेदन का On line पंजीकरण कराएं तथा योजना का लाभ उठायें।

स्थान—सभी प्रखण्ड कार्यालय

समयः—11.00 बजे पूवाह्न से 04.00 बजे अपराह्न तक

सम्पर्क सूत्र—उद्यमी समन्वयक
मो0 संख्या—9065520231

निवेदकः—
महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, राँची।
उद्योग भवन, तृतीय तल, रातू रोड, राँची।
दूरभाष—0651—2284404

PR 313882 Industries, Mines and Geology(23-24)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः— SPUF/MID/KOD/F2-24/2023-24

पत्रांकः— दिनांकः—20.12.2023

1. विज्ञापनदाता का नाम :—कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि :—27.12.2023 से 03.01.2024 तक (कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :—04.01.2024 समय अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— 04.01.2024, 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :— (1)कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा। (2)उप विकास आयुक्त, कार्यालय, कोडरमा। (3)जिला योजना पदाधिकारी, कार्यालय, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :— कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड जयनगर हिरोडीह पंचायत के अंतर्गत ग्राम महेशमराय अर0ई0ओ0 रोड़ से देवी मंडप होते हुए पिपरा गोसाई तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 8,67,500.00 | 1250.00 | 17,500.00 | 3 माह |

नोटः— निविदा की शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

PR.NO.313862 Minor Irrigation(23-24):D

## जिप सदस्य साजदा खातून ने गरीबों के बीच बांटे कंबल



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के बाराडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम पीपराडीह, झरखी, बिराजपुर इत्यादि गांवों में बुधवार को मध्य भाग के जिला परिषद सदस्या साजदा खातून ने वृद्ध, विधवा, विकलांग, असहाय लोगों के बीच ठंड को ध्यान में रखते हुए कंबल वितरण किया। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि कलीम अंसारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नसीमा खातून, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि वैद्यनाथ, प्रसाद यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मो अबुल अंसारी, राजू अंसारी, बंधन मिया, रजदेव शर्मा, मनोज, कुमार यादव, रामचंद्र महतो, मनिजर अंसारी, उस्मान अंसारी, बासदेव तुरी, मूरत महतो, रामेश्वर सिंह, दिपल सिंह, सहिदन खातून, गिरिजा मसोमत, राजेश यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गरीब असहाय लोगों को कड़कड़ाती ठंड से निजात दिलाने को चालीस कम्बल जरूरतमंदो को वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि केडी पांडे ने कहा की राज्य सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की बड़ी बारीकी से जानकारी दी।बुधवार को कालीमेला जोरिया के समीप कोड़िया पट्टी में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय ने 40 जरूरतमन्दों को कंबल वितरित किए। कंबल लेने के लिए क्षेत्र से काफी संख्या में बुजुर्ग पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल उठे। विधायक प्रतिनिधि केडी पांडे ने कहा कि गरीबों को उनका हक दिलाना प्राथमिकता है समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचे। साथ ही सरकार की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित होने की अपील की।इस दौरान छोटेलाल महतो,दीपक शर्मा,एएस आई रणधीर कुमार, हैदर अली,बबलू सिंह आदि मौजूद थे ।

## न्यू एन्जेल्स होम स्कूल का 18वां स्थापना दिवस मनाया गया




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** न्यू एन्जेल्स होम स्कूल का 18वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक मोहम्मद परवेज अख्तर और प्राचार्य मोहम्मद आफताब आलम ने स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय शब्बीर अख्तर को दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दिए। प्राचार्य ने स्कूल के 18 साल का सफर का बयान करते हुए सभी अभिभावकों और शिक्षकों का धन्यवाद दिया और यह भी कहा कि यह उनके सहयोग का ही नतीजा है कि आज स्कूल इस मुकाम पर है । आगे भविष्य में इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा करते हैं । स्थापना दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कक्षाओं के बच्चों के बीच रंग भरो प्रतियोगिता, क्राफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता, स्पून एंड बॉल रेस सुई धागा रेस और फरोग रेस कराया गया जिसमें बच्चों की अद्भुत प्रतिभा नजर आई ।

# कड़ाके की ठंड से बाजार हुआ सुस्त, घर से लोगों का निकलना हुआ मुश्किल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मैथन :** जैसे हीं लग्न यानि शादी विवाह का तारीख खत्म होते हीं बाजार का रौनक खत्म हो गया है। बाजार के सुस्त होने का एक कारण यह भी है कि ठंड के चलते लोग घरों से बाहर निकलना कम कर दिये हैं । रात के आठ बजते-बजते बाजारों एवं सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता ता है।

इस ठंड के मौसम में गरीब, अमीर, तथा सभी समुदाय के लोग घुमने फिरने एक न एक दिन निकल लेते हैं। कुछ लोग तीर्थ यात्रा करने, कुछ लोग सैर सपाटे के लिये एक प्रदेश से दुसरे प्रदेश में हफ्ता दो हफ्ता के लिये निकल पड़ते हैं ।

सरकारी विभाग के लोगों का इस साल के दिसम्बर महिने में बचे खुचे छुट्टी को भंजा कर घुमने फिरने निकल जाते हैं। दिसम्बर एवं जनवरी महीना पर्यटन एवं पिकनिक करने के लिये बड़ा हीं शानदार महिना होता है अधिकतर लोग इस महिने में परिवार सहित पिकनिक एवं पर्यटन के लिये हिल स्टेशन, पहाड़ी स्थल इत्यादी जगह परिवार सहित निकल जाते हैं । ऐसे में बाजार का रौनक शुष्क हो जाता है। रोज कमाने खाने वालों के लिये मुसिबत हो जाता है। हलांकी ठंढ के मौसम के अपने खासियत हैं भिषण गर्मी के तप से राहत मिलती है।

## अनाज घोटाले बाजो को लेकर कड़ी कार्रवाई जरूरी : संजय



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह में अनाज वितरण से लेकर गोदाम से राशन डीलर तक पहुंचानेवाले डोर स्टेप डिलिवरी के ठेकेदारों के खिलाफ अपर सचिव ने जांच शुरू कर दी है. मंगलवार को ही अपर सचिव ने कई इलाकों में पहुंच कर मामले की जांच की तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आयी. वहीं अब झामुमो अध्यक्ष संजय सिंह ने प्रेसवार्ता कर राज्य सरकार और डीसी से दोषियों खिलाफ कार्रवाई की मांग की और कहा कि जिस तरह से जिले में रुपए का अनाज घोटाला हुआ है उससे राज्य सरकार की छवि पर असर पड़ रहा है. इस अनाज घोटाला के कसूरवार जो लोग हैं उनके खिलाफ कार्रवाई भी जरूरी है, क्योंकि स्टेट फूड कॉरपोरेशन के गोदाम से राशन डीलर तक अनाज पहुंचाने की जिम्मेवारी डोर स्टेप डिलिवरी के ठेकेदारों पर है. अब सारा आरोप इन दोनों संवेदक भाईयों पर ही लग रहा है. झामुमो अध्यक्ष ने कहा कि एजीएम और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तक भी अनाज घोटाले में शामिल हैं. ऐसे में जांच कर इन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी जरूरी है. प्रेसवार्ता में झामुमो नेता अभय सिंह, राकेश सिंह टुन्ना और दिलीप रजक समेत कई शामिल थे।

## नगर थाना पुलिस ने दो बाइक चोरो को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के नगर थाना पुलिस ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया और मेडिकल के बाद कोर्ट मे पेशी कर उन्हें जेल भेज दिया गया। बताया गया कि देवघर ज़िला के चित्रा थाना के निवासी फ़ीलिप मुरमू और राजकुमार गोस्वामी दोनों ने मिलकर गिरिडीह से 4 बाइको की चोरी की थी। चोरी कि घटना सीसीटीवी मे रिकॉर्ड हो गई। तब से पुलिस इनके छानबीन में जुटी थी। उस घटना को अंजाम देने के बाद ये लोग फिर से बाइक चोरी करने के लिए गिरिडीह आये थे जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज इन लोगों की पहचान कर गिरिडीह पुलिस ने झंडा मैदान के पास से इन्हें दबोच लिया।

## नवाचार और तकनीक के माध्यम से ही देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास संभव है : देव कुमार वर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अटल बिहारी वाजपेई - भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर में बतौर विशिष्ट अतिथि और अतिथि वक्ता के रूप में दो दिवसीय कार्यशाला (द्वितीय अटल अनुसंधान और इनक्यूबेशन कांक्लेव - 23) में शामिल होने के लिए धनबाद से गवालियर पहुंचे। कोयला अधिकारी और पाठशाला के संस्थापक देव कुमार वर्मा ने यह बात कही। बताते चलें कि ग्वालियर संस्थान में दो दिवसीय अटल रिसर्च इनोवेशन कांक्लेव 2023 का आयोजन संस्थान के निदेशक प्रो. एस एन सिंह के मार्गदर्शन में दिनांक 18




दिसंबर से 19 दिसंबर तक हुआ। संस्थान के निदेशक प्रो. श्रीनिवास सिंह द्वारा देव कुमार वर्मा तथा अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होने अपने उदबोधन में आशा व्यक्त की कि सभी प्रतिभागी, विद्वानो द्वारा बताए गए अनुभवों का लाभ लेंगे। उक्त कार्यक्रम भारत सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा परियोजना के अन्तर्गत स्वीकृत किया गया है।अपने प्रारंभिक उद्बोधन मे कार्यक्रम के सलाहकार प्रो. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा उक्त कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गयी।उक्त कार्यक्रम को देश-विदेश के विख्यात विद्वानों द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभिक उद्बोधन संस्थान वियतनाम में भारत के कार्उसिल जनरल डॉक्टर मनमोहन शेट्टी,बी के साहू निदेशक एवं प्रीत यादव द्वारा किया गया।

इसी कड़ी में वियतनाम में भारत के कार्उसिल जनरल डॉक्टर मनमोहन शेट्टी ने प्रारम्भिक उद्बोधन में भारत सरकार के स्टार्टअप योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी व कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## डीएवी डिगवाडीह सिम्फर के बाल खिलाडियों ने क्लस्टर व जोनल में विविध खेलों में रचा इतिहास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डीएवी डिगवाडीह प्राचार्या महुआ सिंह ने डीएवी. नेशनल स्पोर्ट्स के शुभारंभ से पहले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए खेलकूद के महत्व को बताते हुए कहा कि ÷स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।÷ खेलकूद से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास ही नहीं होता बल्कि खेल भावना के साथ साथ रचनात्मक भावना, सहयोग, अनुशासन, व्यवहारिक जान का भी विकास होता है। प्राचार्या ने बच्चों को क्लस्टर जोनल और राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों के साथ-साथ अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दी, साथ ही उन्होंने खेल - कूद के महत्व को समझाते हुए भविष्य में इसके स्कोप को ध्यान में रखते हुए कहा कि जीवन की ÷अन्य सब आवश्यकताओं में स्वस्थ रहने की आवश्यकता का स्थान सर्वोपरि है और यह संभव है सिर्फ खेल कूद के माध्यम से। ÷डी ए वी. नेशनल स्पोर्ट्स में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । जिसमें विविध प्रकार के खेलों में विद्यालय के बास्केटबॉल, हँडबॉल, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग, कराटे, उशू, तीरंदाजी, क्रिकेट, मार्शल आर्ट के अंतर्गत एथलीट रिले रेस, शॉट पुट जैसे खेलों में विद्यार्थियों ने क्रमशः स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक हासिल कर खुद को उत्कृष्ट खिलाड़ी साबित किया और खुद के साथ-साथ विद्यालय का नाम भी नाम रोशन किया है। सिंह ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

## पचम्बा थाना पुलिस ने लोगों को फूल माला पहनाकर चलाया ट्रैफिक जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** पचम्बा थाना क्षेत्र के सड़कों पर अचानक पुलिस कई वाहन चालकों को रोक रोककर उन्हें फूल माला पहनाने लगे। यह देख सभी असश्चर्यचकित हो गए, दरअसल जिला पुलिस कप्तान दीपक शर्मा के निर्देशानुसार पचम्बा थाना पुलिस द्वारा ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा था। जिसमें मुख्य रूप से बिना हेलमेट पहने वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ट्रिपल लोड यानी मोटरसाइकिल में तीन सवारी लोड लेकर न चलाने, बिना सीटबेल्ट लगाए 4 पहिया वाहन न चलाने,



वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे बच्चियां वाहन न चलाने, एंव बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने की अपील कर रहे थे, इस दौरान जिन्होंने हेलमेट सीटबेल्ट इत्यादि नही लगाए थे उन्हें फूल माला देकर निवेदन किया गया की दुबारा से बिना हेलमेट इत्यादि के वाहन न चलाएं, सड़क में कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इसलिए पूरी सुरक्षा के साथ वाहन को चलाएं। इस अभियान के दौरान डीएसपी नीलम कुजूर, इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो, थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह सहित पचम्बा थाना के जवान मौजूद रहे।

## दानापुर-रघुनाथपुर मेमू स्पेशल अब बक्सर तक चलेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा दिनांक 22.12.2023 से दानापुर/पटना और रधुनाथपुर के बीच चलायी जा रही गाड़ी संख्या 03277/03278 दानापुर-रधुनाथपुर-पटना मेमू पैसेंजर स्पेषल टेऊन का परिचालन विस्तार बक्सर तक किया जा रहा है।

गाड़ी संख्या 03277 दानापुर-रधुनाथपुर-बक्सर मेमू पैसेंजर स्पेषल दानापुर से 10.10 बजे खुलकर 13.33 बजे रधुनाथपुर पहुंचेगी तथा यहां से यह मेमू स्पेषल 13.35 बजे खुलकर 13.39 बजे वीर कुंवर सिंह धरौली हॉल्ट, 13.44 बजे ट्वीनगंज, 13.49 बजे वी.वी.गिरि हॉल्ट, 13.53 बजे डुमरांव, 14.00 बजे कुषलपुर हमाहा हॉल्ट, 14.04 बजे वरूणा, 14.09 बजे नदौन रूकते हुए 14.45 बजे बक्सर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03278 बक्सर-रधुनाथपुर-पटना मेमू पैसेंजर स्पेषल बक्सर से 15.15 बजे खुलकर 15.21 बजे नदौन, 15.26 बजे वरूणा, 15.30 बजे कुषलपुर हमाहा हॉल्ट, 15.35 बजे डुमरांव, 15.42 बजे वी.वी.गिरि हॉल्ट, 15.48 बजे ट्वीनगंज, 15.53 बजे वीर कुंवर सिंह दारौली हॉल्ट पर रूकते हुए 16.13 बजे रधुनाथपुर पहुंचेगी तथा यहां से यह 16.15 बजे खुलकर 19.45 बजे पटना जं. पहुंचेगी। इस मेमू स्पेषल का पटना/दानापुर और रधुनाथपुर के बीच समय एवं ठहराव पूर्ववत रहेंगे ।

## भाजपा महिला मोर्चा द्वारा मिलेट्स उत्सव सह प्रेस वार्ता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** आगामी दो दिनों तक भाजपा महिला मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत गिरीडीह ज़िले के लगभग सभी विधान सभा में कई कार्यक्रम आयोजित कर बहनों से मिलकर मोदी जी के कार्यों को अंतिम पायदान तक पहुँचाने का कार्य करना है तथा नवयुवती मतदाता, की वोटर्स से मुलाक़ात, प्रमुख मंदिर के दर्शन, लाभार्थी बहनों से मिलकर सेल्फ़ी लेना और मोदी सरकार के लिए उनके विचार लेना, आंगनबाड़ी सेविकाओं से मिलना, स्वयम् सहायता समूह की बहनों से मिलना, बूथ स्तरीय, मंडल स्तरीय एवम् ज़िला स्तरीय बैठकें करना। इन सारे कार्यों को निष्पादित



करवाने हेतु जम्मू से दो दिवसीय प्रवास पर महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष वैष्णोदेवी जी आयी हैं साथ में ज़िला प्रभारी के रूप में प्रमंडलीय प्रभारी ऋतु रानी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वस्थ रहने का मंत्र देते हुए मिलेट्स अर्थात मोटा अनाज खाने की सलाह देते हुए लोगों के बीच भी इसे बढ़ावा देने की सलाह दी है. इसी कड़ी में भाजपा नेत्री शालिनी वैसखियार व प्रोफेसर पुष्पा सिन्हा के आवास में भाजपा नेता, कार्यकर्ता व स्थानीय लोगों के साथ मिलेट्स के भोजन को जन आंदोलन बनाने की सलाह देते हुए । प्रवासीय भाजपा महिला नेत्रियों ने कहा कि इससे पोषण अभियान को बढ़ावा मिल सकता है।

प्रेस वार्ता के पश्चात सभी ने रागी से तैयार व्यंजनों में राई की इडली, मक्के की रोटी के साथ नारियल की चटनी, सहित अन्य डिश बनाई गई थी। बताते चले की संयुक्त राष्ट्र ने मोटे अनाज के फायदों को देखते हुए वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है। कार्यक्रमों में महिला मोर्चा की अध्यक्ष संगीता सेठ की अध्यक्षता रही।

साथ में उषा कुमारी ज़िला महामंत्री, सोनिया कौशिक, पिंकी सिंह, मीना गुप्ता, अंजना मिश्रा, संजू देवी, लता वर्मा, बेबी देवी आदि उपस्थित रहीं।

### 25-25 टन अवैध कोयला लदे 2 ट्रक जब्त

## विक्की लाला सहित अन्य लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज

**घनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देशानुसार कोयला और बालू के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स लगातार छापामारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर के निर्देश पर खान निरीक्षक विनोद प्रमाणिक ने बीती रात लगभग 12:30 बजे से बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया। जांच के क्रम में बरवाअड्डा ओवर ब्रिज के नीचे अवैध कोयला लदे ट्रक संख्या बीआर 02 जीए 4840 तथा जेएच 02 आर 8859 को पकड़ा गया। दोनों ट्रक में कोयला से संबंधित किसी तरह के वैध कागजात नहीं पाए गए। वहीं वाहन चालकों से पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि उक्त कोयला कतरास के मालकेरा से अवैध खनन कर गोविंदपुर ले जाया जा रहा था। साथ ही वाहन चालकों ने बताया कि यह सब काम विक्की लाला के इशारों पर किया जाता है। जिला खनन टास्क फोर्स ने दोनों वाहन, उस पर लदा लगभग 25 - 25 टन कोयला, वाहन चालक, वाहन मालिक, विक्की लाला तथा इस कार्य में संलिप्त अन्य सभी लोगों के विरुद्ध बरवाअड्डा थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है।

## असर्फी हॉस्पिटल में 45 दिन वेंटीलेटर पर रह कर मासूम ने जीता जिंदगी की जंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मालुम हो कि असर्फी अस्पताल अपने उत्कृष्ट चिकित्सकीय सुविधा के लिए अक्सर सुर्खियों में बना रहता है। अस्पताल द्वारा लगातर नए नए चिकित्स्कीय प्रयोग कर लोगो को बेहतर से बेहतर सुविधा देने के लिए प्रयासरत रहता है।इसी संदर्भ में असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पिटल में 3 वर्षीय बालक 45 दिनों तक वेंटीलेटर पर रहकर सकुशल घर वापस गया। अक्टूबर माह में बच्चे के परिजन बुखार एवं सांस लेने में तकलीफ की वजह से बच्चे को लेकर अस्पताल आये थे। असर्फी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के शिशु रोग विभाग के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर की देखभाल में बच्चे को भर्ती कराया गया। डॉ शशांक ने बच्चे की जांच के दौरान पाया की उसके कई अंग काम नहीं कर रहे,जिसे मल्टी ऑर्गन डिस्फंक्शन सिंड्रोम के नाम से जाना जाता है। डॉ शशांक न बताया की जब परिजन बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे उस वक़्त बच्चे की हालत काफी नाजुक थी। उसे दिमागी तौर पर झटके आ रहे थे,सांस लेने में कठिनाई हो रही रही थी,पेट एवं किडनी में दिक्क़ते आ रही थी,फेफड़े सफेद होने लगे थे। डॉ शशांक ने त्वरित इलाज़ करते हुए बच्चे को वेंटीलेटर पर रखने के फैसला लिया। बच्चे को 45 दिनों तक वेंटीलेटर पर रखा गया और इलाज़ किया गया। इन 45 दिनों के इलाज़ के दौरान बच्चे को लाइफ सेविंग मेडिसिन दिया गया।

## बीसीसीएल श्रमिकों के समस्याओं पर हुई वार्ता कई बिंदुओं पर डीपी ने जताई सहमति : महामंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बुद्धवार, 20 दिसंबर को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध बी.एम.एस. के नवीन पदाधिकारी द्वारा श्रमिक समस्याओं को लेकर बी.सी.सी.एल. के निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया से औपचारिक मुलाकात कर श्रमिकों के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया गया तत्पश्चात मुरली कृष्ण रमैया निदेशक कार्मिक के साथ विधिवत बैठक की गई।



धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री सह सुरक्षा बोर्ड सदस्य उमेश कुमार सिंह ने बर्षो से लम्वित समस्या जैसे बी.सी.सी.एल. के श्रमिकों का 13 दिनों का बकाया बेतन का भुगतान, जन्मतिथि सुधार, उम्र विवाद, नियोजन, पदोन्नती, क्लर्क की पदोननती एवं शेष बचे हुये कलर्क की परीक्षा सहित अन्य विषयो पर प्रबंधन को अवगत कराया जिस पर प्रबंधन की ओर से साकारात्मक पहल करते हुये यथाशीध्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## चलते चलते एक नजर

### तालाब के साथ हमीदगंज का भी हो जांच, वरना होगा पीआईएल : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेदिनीनगर नगर निगम के प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि सरकार को निश्चित रूप से महिलाओं के लिए मुफ्त में बस का संचालन करना चाहिए। जो 4 साल में नहीं कर सकी। जहां तक जमीन एंक्रोचमेंट की बात है तो मेरा नाम लेकर टीआरपी बढ़ाने वाले नेता जी में अगर दम है तो हमीदगंज एरिया में जहां हजारों लोगों को भू माफिया परिवार द्वारा डेग से मापी कर एग्रीमेंट में जमीन बेचकर 30-40 वर्षों से लोगों को दौड़ा रहे हैं। जमीन का कागजात नहीं रहने के कारण वैसे लोगों के बच्चों का नौकरी के लिए स्थानीयता तक नहीं बन पा रहा है। और ना कोई सरकारी सुविधा मिल पा रहा है। अरुणा शंकर ने कहा कि पहले इसकी जांच करवाएं और परिवार को समझा कर उन लाचार लोगों का जमीन रजिस्ट्री करवाएं। तब देखेंगे आपका दम। आप जनता के कितने शुभचिंतक हैं। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि, रही बात मेरे घर के बगल में तालाब एंक्रोचमेंट की तो इसका 5-5 बार जांच हो चुका है। आपकी सरकार द्वारा जांच के बाद सर्टिफिकेट भी प्राप्त है। और अभी भी आपकी सरकार है उसकी पुनः जांच करवा लें। अगर एक फीट भी ज्यादा निकले तो आप तुड़वाएं। मैं खर्च दूंगी। लेकिन उसी आवेदन में हमीदगंज का भूमि घोटाला जांच करने का आवेदन भी दें। देखेंगे कितना दाम है आपमें। अरुणा शंकर ने कहा कि सरकार में जाने से आप लोगों की करतूत नहीं छुपने वाली है। अरुणा शंकर ने कहा कि हमीदगंज में डेग से नाप कर किए गए जमीन बिक्री का यथाशीघ्र सभी का रजिस्ट्री करें। वरना पीआईएल होगा।

### भाजपा नेत्री डा. कायनात काजी ने किया सदर अस्पताल में फल वितरण



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य डॉ कायनात काजी के गढ़वा आगमन पर गढ़वा सदर अस्पताल में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के अध्यक्षता में एवं मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में मुख्य अतिथि डॉ कायनात काजी के हाथों से फल वितरण का कार्य किया गया। डॉ. काजी मेराल, बरडीहा, भवनाथपुर तथा अन्य जगहों पर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मिलकर केंद्र की योजनाओं को बताने का कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में पलामू लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी जवाहर पासवान, उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, इंद्रमणि धर दुबे, विनय चौबे, प्रभारी रूपा सिंह, अनीता देवी, वीणा पाठक, पार्वती सिंह, लक्ष्मी पांडेय, नवीन जायसवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएम मोदी ने उपराष्ट्रपति धनखड़ को किया फोन, कहा

# 20 साल से मैं भी सह रहा हूं अपमान

**तूल पकड़ता जा रहा है जगदीप धनखड़ की नकल उतारने का मामला**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सांसदों के द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की घटना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है. उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह बात कही है. उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने फोन कर इस घटना पर दुख जाहिर किया है. प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान यह भी कहा है कि वह भी पिछले 20 सालों से इस तरह का अपमान सह रहे हैं. इतना ही नहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस घटना को निराशाजनक बताया है.सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, पीएम मोदी से टीलीफोन पर बात हुई. उन्होंने पवित्र संसद परिसर में कुछ सांसदों की घृणित नाटकीयता पर दुख व्यक्त किया. उन्होंने मुझे बताया कि वह पिछले बीस वर्षों से इस तरह के अपमान सहते आ रहे हैं. भारत में उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद के साथ संसद में ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है. उपराष्ट्रपति ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा,मैंने उनसे (पीएम मोदी) कहा कि कुछ लोगों की हरकतें मुझे अपना कर्तव्य निभाने और हमारे संविधान में



निहित सिद्धांतों को बनाए रखने से नहीं रोक सकतीं. मैं तहे दिल से उन मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हूं. कोई भी अपमान मुझे अपना रास्ता बदलने पर मजबूर नहीं कर सकता है.

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बोलीं- निराशा हुई:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, जिस तरह से हमारे सम्मानित उपराष्ट्रपति को संसद परिसर में अपमानित किया गया, उसे देखकर मुझे निराशा हुई. निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपनी अभिव्यक्ति के लिए स्वतंत्र होना चाहिए, लेकिन उनकी अभिव्यक्ति गरिमा और शिष्टाचार के मानदंडों के भीतर होनी चाहिए. यह संसदीय परंपरा रही है जिस पर हमें गर्व है और भारत के लोग उनसे इसे कायम रखने की उम्मीद करते हैं.

**निलंबन के बाद सांसद ने की थी मिमिक्री:** बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र में जबरदस्त हंगामा हुआ, जिसके बाद 141 सांसदों को हंगामा करने की वजह से निलंबित कर दिया गया. ऐसे में विपक्षी सांसद 19 दिसंबर को संसद भवन के बाहर बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे. इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारकर मिमिक्री की, जिस पर उपराष्ट्रपति भड़क गए. उपराष्ट्रपति ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह हास्यास्पद और अस्वीकार्य है कि एक सांसद मजाक उड़ा रहा है और दूसरा सांसद उस घटना का वीडियो बना रहा है.

**भाजपा की महिला सांसदों ने किया प्रदर्शन:** उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी की महिला सांसदों ने संसद भवन में गांधी प्रतिमा के सामने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला सांसदों ने कहा कि जिस तरह से टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उपराष्ट्रपति को अपमानित किया है। वह निंदनीय है। हम मांग करते है कि राहुल गांधी और कल्याण बनर्जी माफी मांगें।

## ठिठुरती रात में लायंस क्लब ने किया कंबल का वितरण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** ठिठुरती रात में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के द्वारा शहर के विभिन्न स्थलों पर जाकर लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।

इस दौरान कड़ाके की ठंड को देखते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं सड़कों के किनारे ठंड से ठिठुरते हुए लोगों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ गढवा सिटी के अध्यक्ष सुशील केशरी, पूर्व अध्यक्ष लायन दयाशंकर गुप्ता, लायन रामनारायण प्रसाद, लायन लखन कश्यप, लायन दीपक कुमार, लायन राजमणि प्रसाद, लायन शिव कुमार गुप्ता आदि ने काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर अध्यक्ष सुशील ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करना ही लायंस क्लब का उद्देश्य है। आज से कंबल वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ है और यह ठंड के मौसम तक जारी रहेगा। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी प्रतिवर्ष इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करता रहा है।

## सीएम धामी ने गुरिल्ला स्वयंसेवकों की समस्याओं को सुना

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में वर्चुअल माध्यम से एसएसबी द्वारा प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों में प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों को आजीविका से जोड़ने के लिए प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से भी गुरिल्ला प्रशिक्षितों की मदद के लिए प्रस्ताव भेज कर अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न योजनाओं एवं अन्य क्षेत्रों में गुरिल्ला स्वयं सेवकों की सेवाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है, इस दिशा में ध्यान दिया



जाए। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को निर्देश दिये कि सबंधित विभागों द्वारा राज्य के प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों को आजीविका से जोड़ने की दिशा में जो भी कार्यवाही की जा सकती है, इसके अनुपालन में समय-समय पर बैठक ली जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, डीजीपी अभिनव कुमार, कमांडेंट जनरल होमगार्ड केवल खुराना, डीआईजी=अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती, अपर सचिव विनीत कुमार, ललित मोहन रयाल,अतर सिंह, समेत संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दोस्ताना रिश्ता निभाने का संदेश देता है खेल : नामधारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** झामुमो युवा मोर्चा द्वारा आयोजित पलामू कप 2023 के फाइनल में जगह बनाने वाली डाली क्रिकेट क्लब पहली टीम बनी। इस टूर्नामेंट के नेतृत्वकर्ता अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और सचिव आशुतोष विनायक ने बताया पहले सेमीफाइनल मुकाबले में डीसीसी ने खान 11 को 3 रन से हराकर टुर्नामेंट से बाहर कर दिया। अंतिम गेंद तक दर्शक रोमांच से भरे रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रथम विधानसभाध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने मैन ऑफ द मैच 29 रन के साथ 2 विकेट लेने वाले गोला को दिया। 23 दिसंबर को साढ़े ग्यारह बजे से होने वाले फाइनल मुकाबले में डीसीसी ने जगह बनाई। वहीं सॉल ट्रेकर्स और बीडी फिटनेस के बीच सेमीफाइनल



का दूसरा मुकाबला गुरूवार को होगा। मौके पर नामधारी ने कहा कि युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने जीएलए कॉलेज ग्राउंड में आमंत्रित कर बचपन की यादें ताजा कर दी। खेल जीत और हार के बाद हाथ मिलाकर दोस्ताना रिश्ता निभाने का संदेश देता है। खेल के समान ही राजनीति की परिपाटी होती तो भारत की राजनीति विकसित दिखाई पड़ती। खेल समाज और भविष्य दोनों के लिए कारगर है। झामुमो युवा मोर्चा के पलामू के युवाओं की पहल प्रशंसनीय है।

मौके पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और सचिव आशुतोष सिंह देव ने अवस्था को देखते हुए इंदर सिंह नामधारी की मौजूदगी पर हर्ष जताया। साथ ही कहा कि आयोजन की सफलता राजनीति, व्यवसायिक, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्रों से लोगों का साथ मिलना सफलता का प्रमाण है। और झारखंड की झामुमोनीत सरकार की खेल एवं खेल प्रतिभा को निखारने की कोशिश को ऊंचा मुकाम मिल रहा है। इस दौरान केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना सिन्हा, युवा इंटक जिलाध्यक्ष शशांक सुमन, वरिष्ठ पत्रकार सैकत चटर्जी पूर्व क्रिकेटर आशीष अदंभ की गरिमामय उपस्थिति रही। वहीं उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, संगठन सचिव संजय चंद्रवंशी, छात्र मोर्चा सचिव सैयद फैजल, शशि सिंह, अमृत केरकेट्टा, विनय सिंह, राजू सिंह, अंपायर मिंटू तिवारी, छोटू तिवारी, स्कोरर राजू शुक्ला, नवनीत तिवारी, और कमेंटेटर ए पी लकी की भूमिका अहम रही।

## अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में आदित्य बिड़ला व जेपीएस विजयी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे हैं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन जूनियर वर्ग में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को 84 रनो से तथा जेपीएस स्कूल ने डीएवी मॉडल को 54 रनो से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में टॉस जीतकर आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 8 विकेट होकर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसमें सिद्धार्थ का 39 और नमन ने 45 रन बनाये। बीएसकेडी की ओर से विशाल और प्रतीक ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी बीएसकेडी की टीम 76 रनों पर ही सिमट गई। टीम की ओर से अनूप ने सर्वाधिक 17 और राहुल ने 13 रन बनाएं। आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला की ओर से सिद्धार्थ ने पांच, नमन और अरबाज ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। वही दूसरे मैच में जेपीएस स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 173 रनो का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी मे डीएवी मॉडल की टीम 118 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच मैच का पुरस्कार आदित्य बिड़ला के सिद्धार्थ और जेपीएस के अजमल को जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, नवनीत शुक्ला, सचिव आनंद सिन्हा, धर्मेंद्र सिंह,चंदन कश्यप ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू ने कहा कि इस प्रतियोगिता में पहुंचकर उन्हें अपने स्कूली जीवन की याद ताजा हो गई। खेल से हमें प्रतिस्पर्धा, अनुशासन तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मौके पर आशुतोष रंजन, प्रवीण मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान आदि उपस्थित थे।

### पत्रकार को मातृ शोक

**गढ़वा :** रांची से प्रकाशित एक हिन्दी दैनिक के पत्रकार संजीव शर्मा की माता लगन देवी 95 वर्ष का निधन बीती रात्रि हो गया। उनके निधन से क्षेत्र के पत्रकारों में शोक की लहर छाई है। इस संबंध में पत्रकार संजीव शर्मा ने बताया कि ग?वा में ही माता जी का निधन हो गया। वे पिछले कुछ माह से अस्वस्थ्य चल रही थी। उनके निधन पर ग?वा के पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में विवेकानंद उपाध्याय, धनंजय सिंह, सियाराम वर्मा, ओमप्रकाश पाठक, विनोद पाठक, शम्भू दुबे, अनुज चौबे, आनन्द सिन्हा, लव दुबे, विजय प्रताप देव, प्रताप तिवारी, संजीव पांडेय, आशुतोष सिन्हा, चन्दन कश्यप, धर्मेंद्र सिंह, राजा पांडेय, जितेंद्र सिंह, पीयूष तिवारी, संदीप केशरी, दीपक, आयूष तिवारी, सोनू मधेशिया, रजनीश ठाकुर, अंजनी उपाध्याय, प्रभात मिश्रा, राजकमल तिवारी, अभिमन्यु पाठक, बलराम शर्मा, संजय यादव, विकास कुमार, रिशु सिन्हा आदि के नाम शामिल हैं। इस कठिन समय में, समूह के सभी सदस्यों की ओर से उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की जा रही है।